हरिभूमि

रायपुर भूमि

ठंडी हवा से दिन का पारा 5 डिग्री तक लुढ़का, कंपकंपी भी छूटी



रायपुर-बालोद के बीच से गुजरेगा सिस्टम, बड़ा बदलाव आज नहीं

अनवरत बारिश के साथ 30 किमी. स्पीड की हवा से जनजीवन प्रभावित, आज भी रहेगा अर्नब का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चक्रवाती तूफान अर्नब के असर से बुधवार को अनवरत बारिश और 30 किमी. प्रतिघंटे की रफ्तार से चली तेज हवा ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। बदले स्वरूप में सिस्टम रायपुर और बालोद के बीच से गुजरेगा, जिसकी वजह से मौसम में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। दिनभर चली ठंडी हवा की वजह से दिन का तापमान पांच डिग्री नीचे चला गया, जिससे कंपकंपी भी छूटी। चक्रवाती तूफान आज समुद्र तल से जमीनी सतह पर आकर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान इसकी गति तो अधिक है, मगर असर कमजोर हो रहा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक सिस्टम बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी खींच रहा है, जिसकी वजह से मौसम में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद फिलहाल नहीं है। राजधानी समेत पूरे प्रदेश का मौसम बुधवार को ▶▶|शेष पेज 11 पर





रेनकोट बाहर निकला

मौसम विभाग के पूर्वानुमान और बारिश होने की संभावना के आधार पर ज्यादातर लोगों ने रेनकोट बाहर निकाल लिया। बारिश का मौसम बीतने और मानसून की विदाई के बाद इसे सुरक्षित तरीके से अगले रेनी सीजन के लिए रख दिया गया था। बिना रुके कभी कम और कभी ज्यादा की स्थिति में बरसते रहे पानी के कारण सड़कों पर लोग रेनकोट पहने नजर आए। गुरुवार को भी बारिश जैसी स्थिति बनी रहने के बाद शुक्रवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है, जो सामान्य से दो से तीन डिग्री अधिक हो चुका है।

ऐसा रहा तापमान

शहर	अधिकतम तापमान	अंतर
रायपुर	26.1	-4.8
माना	25.8	-5.1
बिलासपुर	27.8	-2.7
पेंड्रा	26.0	-3.1
अंबिकापुर	27.5	0.1
जगदलपुर	24.4	-5.5
दुर्ग	6.2	-4.6

खबर संक्षेप

शादी का झांसा देकर किशोरी से रेप, 20 साल कैद

रायपुर। तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व 12 साल की किशोरी को शादी करने का झांसा देकर रेप करने वाला आरोपी को विशेष न्यायाधीश गिरीश कुमार मंडावी की फास्ट ट्रैक, पॉक्सो कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक मोनिष बोस के अनुसार, कोर्ट ने साहिल उर्फ आशू साहू को कैद की सजा सुनाई है। परिजनों ने 12 जून को किशोरी की लापता होने की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने किशोरी को 14 जून को मध्यप्रदेश के कटनी से रेस्क्यू कर परिजनों के सुपुर्द किया था। किशोरी ने अपने बयान में बताया कि आरोपी ने उसके साथ रेप किया है।

विधवा महिला से अनाचार 10 वर्ष कैद की सजा

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व विधवा महिला से रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक विजयश्री बिसेन के अनुसार, कोर्ट ने कृष्णा यादव को कैद की सजा सुनाई है। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति का दो वर्ष पूर्व निधन हो गया है। दोनों बच्चों को महिला ने माना नशामुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। आरोपी ने 15 अक्टूबर 2024 को महिला के साथ रेप किया। घटना की किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी युवक 30 अक्टूबर 2024 को महिला के साथ एक बार फिर से रेप करने उसके घर पहुंचा। तब महिला ने घटना की थाने में शिकायत दर्ज कराई।

किस्त की राशि हड़पने वाले पर केस दर्ज

रायपुर। ग्राहकों की किस्त की राशि 31 हजार 550 रुपए हड़पने वाले एक्सिस बैंक के एग्जीक्यूटिव के खिलाफ आजाद चौक पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। आरोप है कि घनश्याम रात्रे ने 13 ग्राहकों से वसूली गई किस्त की राशि बैंक में जमा नहीं की। पुलिस के अनुसार, क्वेस कार्प लिमिटेड की ओर से अधिकृत प्रतिनिधि वेद कुमार कोशले ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि घनश्याम रात्रे 3 नवंबर 2023 से फील्ड एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था।

एनटीपीसी का उप महाप्रबंधक साढ़े चार लाख रुपए रिश्वत लेते पकड़ा गया था

एक से पांच लाख तक घूस के साथ गिरफ्तार हुए टॉप टेन आरोपियों में पटवारी और सरपंच भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य की जांच एजेंसी एसीबी, ईओडब्लू ने मंगलवार को बड़ी रकम की घूस के साथ पकड़े गए अफसरों के नामों की सूची जारी की। एजेंसी ने उन अफसर, सरकारी कर्मियों के साथ जनप्रतिनिधि के नाम उजागर किए हैं, जिन लोगों को वर्ष 2024 से लेकर 2026 के बीच एक लाख से पांच लाख रुपए तक रिश्वत लेते ट्रैप किया है।

एसीबी ने पहले भ्रष्टाचार में ट्रैप के आंकड़े जारी किए थे, जिसमें पता चलता है कि सबसे भ्रष्ट ▶▶|शेष पेज 11 पर

हरिभूमि लगातार

रिश्वत लेने वालों में अधिकारी कर्मचारी से लेकर सरपंच तक के नाम शामिल



टॉप टेन, कौन कितनी रकम के साथ पकड़ा गया

विजय दुबे - उप महाप्रबंधक, एनटीपीसी, रायगढ़, तिलईपाली : इन्हें प्रार्थी से उसके पुत्रों की जमीन अधिग्रहण की पुनर्वास राशि 16 लाख रुपए का भुगतान कराने के एवज में 4.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था।

अजय कुमार टेम्बुरने - कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, जगदलपुर : इन्हें एक पंजीकृत ठेकेदार से विद्युतीकरण कार्यों के बकाया 75 प्रतिशत बिलों का भुगतान करने के एवज में दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया।

विनोद कुमार सांडे - शिक्षक और जिला अध्यक्ष, समग्र शिक्षक फेडरेशन, कोरबा : इन्होंने प्रार्थी की पत्नी (शिक्षिका) का स्थानांतरण नजदीक के स्कूल में कराने का झांसा देकर दो लाख रुपए की रिश्वत ली थी।

बिहारी सिंह - अमीन पटवारी, एसडीएम कार्यालय, जांजगीर चांपा : इन्हें और इनके सहयोगी कंप्यूटर ऑपरेटर राजकुमार देवांगन को नेशनल हाईवे निर्माण के लिए अधिग्रहित जमीन की मुआवजा राशि निकलवाने में मदद करने के एवज में 1.80 लाख की रिश्वत लेते पकड़ा गया।

राजेश मड़ावे - अनुविभागीय अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, छुईखदान : इन्हें कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोपराइटर से ओएचटी पाइपलाइन और घरेलू नल कनेक्शन के बिलों के भुगतान के बदले एडवांस कमीशन के रूप में 1.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था।

संतोष देवांगन - राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर : इन्हें प्रार्थी की जमीन के सीमांकन कार्य के एवज में प्रार्थी से एक लाख रुपए की नगद रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था।

राम ललित पटेल - जिला शिक्षा अधिकारी, सूरजपुर : इन्हें रामरति पब्लिक स्कूल ▶▶|शेष पेज 11 पर

ऑनलाइन 95 हजार की ठगी, पुलिस की तत्परता से 65 हजार रुपए होल्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन शॉपिंग का सामान वापसी करने का झांसा देकर जालसाजों द्वारा की गई 95 हजार रुपए की ठगी की रकम में से पुलिस की तत्परता की वजह से 65 हजार रुपए होल्ड कराया गया है। शेष राशि वापस दिलाने पुलिस प्रयास करने की बात कह रही है। घटना 21 अक्टूबर की है। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद होल्ड रकम महिला के अकाउंट में ट्रांसफर होगी। न्यू शांति नगर निवासी मंजूषा अग्रवाल के अनुसार उनके द्वारा ऑनलाइन शॉपिंग की गई थी। ▶▶|शेष पेज 11 पर

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर रकम होल्ड कराया

महिला के अकाउंट में टोटल 95 हजार नौ सौ रुपए थे। ठगी होने की जानकारी मिलने पर महिला ने सिविल लाइंस पहुंच कर साइबर सेल के पास लिखित में शिकायत दर्ज कराई। ठगी की घटना हुए चंद घंटे बीते थे, इसलिए पुलिस ने जरूरी प्रोसेस कर रकम होल्ड कराने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने लोगों को ठगी से बचने गूगल इंजन की जगह उनके संबंधित साइट से नंबर सर्च करने की अपील की है।

सेंध लेक के ऊपर हवा में एक घंटे तक वायुसेना के जांबाजों की रोमांचक उड़ान

आकाश में दिल की आकृति से सारंग के 5 हेलीकाप्टर करेंगे छत्तीसगढ़ का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर स्थित सेंध लेक के ऊपर आकाश में एक घंटे तक वायुसेना के जांबाज हवाई करतब दिखाएंगे। 2 नवंबर की सुबह 11 बजे से वायुसेना की हवाई उड़ानों के ये हैरतंगेज करतब प्रदेशवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस हवाई करतब की खास बात ये होगी कि सेना की एयरोबेटिक टीम सारंग के 5 हेलीकाप्टर 26वें राज्योत्सव पर आसमान में दिल की आकृति बनाकर छत्तीसगढ़ का अभिनंदन करेंगे।

इस रोमांचकारी एयर शो के लिए एयरोबेटिक टीम सारंग के 6 हेलीकाप्टर और 7 पायलट राजधानी पहुंच चुके हैं।बुधवार को हरिभूमि की टीम ने वायुसेना के एयरोबेटिक टीम सारंग की कमान संभाल रहे विंग कमांडर और स्क्वाड्रन कमांडरों से बातचीत की। एरोबेटिक टीम सारंग के विंग कमांडर वीर, स्क्वाड्रन अंकिता ने बताया कि उनकी सारंग टीम राज्योत्सव में एयर शो का प्रदर्शन करेगी। ▶▶|शेष पेज 11 पर



एयर-शो से युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करना मकसद

स्क्वाड्रन लीडर अजीत ने बताया कि सारंग टीम देश-विदेश में अपने हवाई प्रदर्शनों के माध्यम से भारतीय वायु सेना के कौशल, अनुशासन और उत्कृष्टता का परिचय देती रही है। सारंग टीम का उद्देश्य केवल दर्शकों को रोमांचक हवाई करतब दिखाना नहीं है, बल्कि युवाओं को साहस, आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करना भी है। भारतीय वायुसेना में युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा और क्षमताओं को निखारने तथा देश की सेवा करने के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

करतब से पहले होगा एयर-शो का अभ्यास

सारंग टीम के विंग कमांडर वीर ने बताया कि बारिश का मौसम साफ होते ही एयर-शो से पहले अभ्यास किया जाएगा। 2 नवंबर से एयर-शो से पहले 30 अक्टूबर को अभ्यास का शेड्यूल तय हुआ है। हाल ही में टीम बनारस में एयर-शो में भाग लेकर सीधे रायपुर पहुंची है। हर एयर-शो से पहले अभ्यास करना टीम की रुटीन योजना का हिस्सा है।

मेट्रो सिटी की तर्ज पर शहर में अपनी तरह की अनूठी सुविधा

निगम के भवनों की बुकिंग अब ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में मेट्रो सिटी की तर्ज पर सामाजिक, सांस्कृतिक, इनोवेशन से जुड़े प्रोग्राम करने वाले आयोजकों के लिए रायपुर नगर निगम का संस्कृति विभाग अब किफायती किराए पर प्रति घंटे की दर से टाउनहॉल, शहीद स्मारक भवन का सभागार, आनंद समाज लाइब्रेरी सभागार, कम्यूनिटी हॉल सहित 23 अलग-अलग तरह के भवन उपलब्ध कराएगा। इसके लिए बुकिंग ऑनलाइन करने की सुविधा का ▶▶|शेष पेज 11 पर

हरिभूमि सरोकार



घर-बैठे ऑनलाइन बुकिंग की तैयारी, एक क्लिक पर इन भवनों की अपडेट सूची

अभी तक शहर में नगर निगम के सामुदायिक भवन, शहीद स्मारक भवन सभागार, आनंद समाज लाइब्रेरी सभागार, कम्यूनिटी हॉल, सियान सदन सहित अन्य भवनों की बुकिंग ऑफलाइन होती रही, पर जल्द 23 भवनों को सूचीबद्ध कर ऑनलाइन की सुविधा लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रमुख भवन और उनका किराया

- आनंद समाज लाइब्रेरी : प्रथम तल हॉल, 1 गैलेरी क्षमता 100 वातानुकूलित आधे दिन का किराया 1 हजार रुपए, पूरे दिन का 2 हजार रुपए
- टाउन हॉल सभागार शास्त्री चौक : 1 हॉल 100 लोगों के बैठने की क्षमता वातानुकूलित
- एक घंटा के लिए किराया 1 हजार रुपए और 300 रुपए बिजली बिल, 3 घंटा से अधिक के लिए 5 हजार रुपए किराया, 1 हजार बिजली बिल
- शहीद स्मारक सभा भवन रजबंधा मैदान मौदहापारा- 2 हॉल बैठने की क्षमता करीब 600 एसी 40,400 रुपए पूरे दिन 69,900 रुपए
- आंबेडकर भवन कबीर चौक के पास सिविल लाइन- 1 हॉल, 2 रूम क्षमता 150 नान एसी जनरेटर सुविधा नहीं 3,894 रुपए प्रतिदिन का किराया
- बैरनबाजार सामुदायिक भवन फौवारा चौक 2 हॉल, 3 रूम ▶▶|शेष पेज 11 पर



सीएम हेल्पलाइन में अफसर-कर्मियों का गड़बड़झाला, शिकायतों के समाधान के बिना कर रहे हैं स्पेशल क्लोज

नगरीय प्रशासन एवं विकास की समीक्षा बैठक में खुला मामला, नगरीय निकायों के अफसर कर्मियों की है ये कारगुजारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में आम जनता की शिकवा-शिकायतों की सुनवाई के लिए सरकार ने सीएम हेल्पलाइन शुरू की है, इसके जरिए लोग अपनी समस्याएं सामने लाते हैं और उनके निराकरण की अपेक्षा रखते हैं। इस मामले में सरकार की नीति और नीयत पूरी तरह साफ है, लेकिन सामने आई शिकायतों के निराकरण की जिम्मेदारी जिन अफसर-कर्मियों पर है, वे ही इसमें गड़बड़झाला कर रहे हैं। मामला सामने आया है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 पर मिली शिकायतों का वास्तविक और संतोषजनक निराकरण किए बिना उन्हें स्पेशल क्लोज किया जा रहा है। यह मामला नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में खुला। सरकार ने इसे अत्यंत गंभीर एवं आपत्तिजनक माना है और संबधित अफसर-कर्मियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगर निगम आयुक्तों, नगरपालिका परिषदों तथा



नगर पंचायतों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश जारी कर शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने को कहा है। निर्देशों का उल्लंघन करने या शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग के संचालक की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि कई मामलों में वास्तविक और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किए बिना ही शिकायतों को स्पेशल क्लोज किया जा रहा है।

विभाग ने इस प्रवृत्ति को गंभीर और आपत्तिजनक बताते हुए कहा है कि इससे शासन की शिकायत निवारण व्यवस्था की प्रभावशीलता प्रभावित होती है। साथ ही, नागरिकों का शासन और उसकी कार्यप्रणाली पर विश्वास भी कमजोर

निकायों की पौने पांच हजार शिकायतें हैं लंबित

नगरीय निकायों की स्पेशल क्लोज संबंधी कारगुजारी सामने आने के साथ ही यह जानकारी भी मिली है कि राज्य में नगरीय निकायों से संबंधित 4 हजार 745 शिकायतें 31 अगस्त की स्थिति में लंबित थीं। ये शिकायतें खराब स्ट्रीट लाइट, नाली, सफाई, नल से पानी न आने जैसे मामलों की हैं। निकायों के ही अफसर-कर्मी इनका निराकरण करने के बजाय स्पेशल क्लोज कर रहे थे।

अब ये करना होगा

निर्देश के मुताबिक, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से जांच की जाएगी। संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के जरिए तय समय-सीमा के भीतर वास्तविक और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना होगा। केवल वे शिकायतें स्पेशल क्लोज की जा सकेंगी, जो मांग से संबंधित हों या किसी दूसरे विभाग के कार्यक्षेत्र में आती हों। ऐसी शिकायतों को भी उचित परीक्षण के बाद ही स्पेशल क्लोज करने की अनुमति होगी। इनके अलावा किसी अन्य स्थिति में शिकायत को स्पेशल क्लोज करना स्वीकार्य नहीं होगा। यह निर्देश सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा प्रदेश की नगरपालिका परिषदों और नगर पंचायतों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को भेजा गया है। इसकी प्रतिलिपि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव और क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों को भी भेजी गई है।

खबर संक्षेप



बिरगांव की मतदाता सूची में गड़बड़ी पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

रायपुर। बिरगांव नगर निगम के स्थानीय निर्वाचन की मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने मतदाताओं के नाम दूसरे वार्डों में दर्ज होने, नाम काटे जाने और जेंडर संबंधी त्रुटियों की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस ने आशंका जताई कि इन गड़बड़ियों से मतदाताओं के मताधिकार पर असर पड़ सकता है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 23 अक्टूबर के बाद से ऑनलाइन पोर्टल बंद होने का मुद्दा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) कार्यालय में आयोजित बैठक में उठाया गया। कांग्रेस के अनुसार, पोर्टल बंद होने से मतदाता अपने नाम और अन्य विवरणों में सुधार नहीं करा पा रहे हैं। पार्टी ने वेबसाइट चालू होने की तारीख से समय-सीमा की गणना करते हुए दावा-आपत्ति और सुधार के लिए 5 नवंबर तक अवसर देने की मांग की। बैठक में मौजूद सभी राजनीतिक दलों ने इसका समर्थन किया।

200 यूनिट बिजली छूट का फैसला कागजी, जनता को नहीं मिलेगा लाभ

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने साय मंत्रिमंडल द्वारा 200 यूनिट तक बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट जारी रखने के फैसले को कागजी बताते हुए आरोप लगाया है कि इससे प्रदेश के अधिकतर घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिलेगी।



उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने कांग्रेस शासनकाल की 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना का दायरा घटाकर 200 यूनिट कर दिया है और इसके साथ ऐसी शर्तें जोड़ी हैं, जिनसे उपभोक्ताओं को अपेक्षित लाभ नहीं मिलेगा। शुक्ला ने कहा, बिजली खपत निर्धारित सीमा से अधिक होने पर छूट समाप्त होने की व्यवस्था उपभोक्ताओं के हित में नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिल बढ़ रहे हैं और सरकार अधिक वसूली कर रही है।

स्वीकारी विभागीय भूल, एडिशनल से ज्वाइंट डायरेक्टर हेल्थ बनाए गए प्रशासनिक अफसर

रायपुर। चिकित्सकीय कैडर के पद पर प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की नियुक्ति के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने अपनी भूल स्वीकारी है। विभाग एडिशनल डायरेक्टर के रूप में नियुक्त किए गए अफसर को हटाकर ज्वाइंट डायरेक्टर बना दिया है। इस नियुक्ति को स्वास्थ्य संचालनालय में पदस्थ चिकित्सकीय सेवा वाले उपसंचालकों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। छत्तीसगढ़ इन सर्विस डाक्टर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डा. इकबाल हुसैन ने बताया कि लगाई गई याचिका की सुनवाई के दौरान शासन की ओर गलती सुधारने की जानकारी दी गई जिसके बाद मामला ग्राउंड हो गया। इसके अलावा याचिका के दूसरे मामले यानी विभागीय प्रमोशन वाले पद पर सीधी नियुक्ति के मामले पार्टी बनाए गए अधिकारी इंद्रजीत बर्मन के अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखने वक्त मांगा है।

31 दिसंबर तक पुराने जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण के निर्देश

डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा- नशे के बड़े तस्करों और आर्थिक नेटवर्क पर करें सख्त कार्रवाई

तीन महीने में तेज होगी तस्करी में इस्तेमाल वाहनों के राजसात की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, कार्रवाई केवल छोटे विक्रेताओं और पैडलरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि नशे के उत्पादन, परिवहन, आपूर्ति और बिक्री से जुड़े पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए बड़े तस्करों, वित्तीय सहयोगियों और संगठित गिरोहों की पहचान कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए।

गृहमंत्री विजय शर्मा मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में मादक पदार्थों की रोकथाम एवं नियंत्रण संबंधी राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिलावार एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों, मादक पदार्थों की जब्ती, संपत्ति कुर्की, वाहनों के राजसातीकरण और जब्त पदार्थों के नष्टीकरण की समीक्षा की। उन्होंने कहा, कार्रवाई का आकलन केवल दर्ज मामलों से नहीं, बल्कि नशे के अवैध कारोबार के पूरे आर्थिक और आपराधिक तंत्र पर पड़ने वाले प्रभाव से होना चाहिए। बैठक में सचिव नेहा चंपावत, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (गुप्तवार्ता) अमित कुमार, पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग सहित विभिन्न जिलों के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच के निर्देश

शर्मा ने सूखे नशे और नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। ड्रग इंस्पेक्टरों के समन्वय से मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच की जाएगी। स्कूलों, कॉलेजों और युवाओं की आवाजाही वाले क्षेत्रों में प्रतिबंधित दवाओं, नशीले कैप्सूल, सिरिंज और नीडल की अवैध बिक्री पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। नशे के कारोबार और सेवन से जुड़े संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर नियमित निरीक्षण भी किया जाएगा।

तीन महीने में वाहनों को राजसात करने पर जोर

मादक पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल वाहनों के राजसातीकरण और नीलामी की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। शर्मा ने कहा कि अगले तीन महीनों में अधिकतम पात्र मामलों में नियमानुसार कार्रवाई पूरी की जाए। इसके लिए विशेष न्यायालयों में प्रकरण प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने और लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाने को कहा गया।

तस्करी की पूरी सप्लाई चेन की होगी जांच

उप मुख्यमंत्री ने गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामलों की विस्तृत मैपिंग करने के निर्देश दिए। प्रत्येक प्रकरण में पदार्थों के स्रोत, परिवहन मार्ग, आपूर्तिकर्ताओं, स्थानीय विक्रेताओं और कारोबार के संचालकों की पहचान की जाएगी। नशे के कारोबार से अर्जित संपत्तियों की पहचान कर नियमानुसार कुर्की और जब्ती की कार्रवाई तेजी जाए। एनडीपीएस एक्ट और सफेमा के तहत कार्रवाई की समीक्षा करते हुए उन्होंने वित्तीय लेन-देन की जांच के लिए विशेष समिति गठित करने के निर्देश दिए। इसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट और वित्तीय एवं विधिक विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा।

31 दिसंबर तक पुराने जब्त पदार्थों का नष्टीकरण

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि 30 जून तक जब्त किए गए छह महीने से अधिक पुराने उन सभी मादक पदार्थों का 31 दिसंबर तक नष्टीकरण सुनिश्चित किया जाए, जिनके निस्तारण की कानूनी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने संबंधित न्यायालयीन और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने एनडीपीएस मामलों की जांच गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी करने, साक्ष्य और दस्तावेजों की पूर्णता सुनिश्चित करने तथा प्रभावी अभियोजन के माध्यम से दोषियों को दंडित कराने के निर्देश दिए।

हेल्पलाइन 1933 का होगा प्रचार

शर्मा ने राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध हेल्पलाइन 'मानस' के टोल फ्री नंबर 1933 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा, ताकि आम नागरिक नशे के अवैध कारोबार की सूचना संबंधित एजेंसियों तक पहुंचा सकें। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों और युवाओं को जागरूकता अभियान से जोड़ने तथा नशे के खिलाफ अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने पर जोर दिया।

वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान

दक्षिण विधानसभा की बैठक में 1 नवंबर की महारैली की तैयारियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान पर आयोजित होने वाली महारैली की तैयारियों को लेकर रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक हुई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पर्यवेक्षक शोभा बच्छाव की मौजूदगी में हुई बैठक में कार्यकर्ताओं की भागीदारी, बूथ स्तर पर समन्वय और संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेश प्रभारी अरुण वोरा और शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन सहित वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बूथ कमेटियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने



वार्डों में बूथ कमेटियों के साथ समन्वय स्थापित कर महारैली के लिए कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निभाने पर जोर दिया गया। अभियान के उद्देश्य और महारैली की जानकारी बूथ स्तर तक पहुंचाने की रणनीति भी बनाई गई। बैठक को कन्हैया अग्रवाल, मनोज कंदोई, देवेंद्र यादव, सतनाम पनाग, सुशील ओझा, दीप्ति प्रमोद दुबे तथा ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुमन ढेबर, ओम श्रीवास, विनोद ठाकुर, सुयश शर्मा, सत्यनारायण नायक और बंशी कन्नौजे ने भी संबोधित किया।

गिरदावरी में रकबा शून्य और कम दिखाने से किसान आक्रोशित



रायपुर। किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने, पटवारी, तहसीलदार कार्यालय के चक्कर काटने के बाद अब नई समस्या आन खड़ी हुई है। किसान जब चॉइस सेंटर एवं अन्य जगहों पर जाकर अपनी जमीन की गिरदावरी का जांच कर रहे हैं तो पता चल रहा है कि पोर्टल पर गिरदावरी दिख ही नहीं रही है। समितियों में भी किसान जाकर देख रहे हैं, तब भी गिरदावरी नहीं दिखा रहे हैं। किसान अब दुविधा में हैं कि धान कैसे बिकेगा। कांग्रेस नेता पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि बहुत से किसान, जिनकी गिरदावरी नहीं दिख रही है, उन्हें राहत देने प्रत्येक समिति में कैंप लगाकर त्रुटि सुधार कराया जाए, ताकि किसानों को भटकना न पड़े।

धान पर गरमाई सियासत, सरकार ने कहा- प्रति क्विंटल 3100 देंगे, कांग्रेस बोली-3358 रुपए दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी की नीति जारी होने के साथ ही राज्य में सियासत गरमा गई है। धान खरीदी की व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने धान खरीदी को लेकर भाजपा सरकार पर किसानों से वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। सरकार किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदेगी।

कांग्रेस ने मांग है कि किसानों को धान का 3358 रुपये प्रति क्विंटल की दर से एकमुश्त भुगतान किया जाए। बैज ने कहा, भाजपा ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का वादा किया था। अब आदान सहायता की गणना प्रति एकड़ के आधार पर करने से किसानों को मिलने वाली राशि प्रभावित हो सकती है।



आदान सहायता घटाने का आरोप

बैज के अनुसार, वर्ष 2023-24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2183 रुपये प्रति क्विंटल था और राज्य सरकार 917 रुपये आदान सहायता देती थी। वर्ष 2024-25 में एमएसपी 2300 रुपये होने पर सहायता 800 रुपये, 2025-26 में एमएसपी 2369 रुपये होने पर 731 रुपये और 2026-27 में एमएसपी 2441 रुपये होने पर सहायता 659 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। उन्होंने दावा किया कि सहायता में कुल 258 रुपये की कमी हुई है। कांग्रेस ने एमएसपी वृद्धि जोड़कर 3358 रुपये भुगतान की मांग की है। उन्होंने दीपावली से पहले किसानों को अग्रिम भुगतान और 6066 करोड़ रुपये की बकाया राशि देने की भी मांग की।

कुपोषण से पांच बच्चों की मौत, मुआवजे की मांग

बैज ने बताया कि उन्होंने आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव और स्थानीय नेताओं के साथ कवर्धा जिले के रेंगाखार वनांचल क्षेत्र स्थित नंदनी कुमान गांव तथा बोडला उपस्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। उनके अनुसार, गांव में कुपोषण और एनीमिया से बैगा समुदाय के पांच बच्चों की मौत हुई है, जबकि 13 प्रभावित बच्चे बोडला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती हैं।

दुर्ग-निजामुद्दीन दुर्ग के बीच परिचालन, दिवाली से छठ पूजा तक चलेगी

दिवाली पर यात्रियों को अतिरिक्त कंफर्म बर्थ का उपहार, स्पेशल ट्रेन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिवाली और छठ पूजा मनाने घर जाने वाले यात्रियों को सफर के दौरान परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। यात्रियों को ज्यादा बर्थ उपलब्ध कराने दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग के बीच 3-3 फेरे की स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशन पर स्टापेज लेगी।

लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट भी लंबी हो चुकी है। ऐसे में रेल प्रशासन विशेष ट्रेनों का संचालन कर यात्रियों को राहत देने का प्रयास कर रहा है। इसी दौर में दुर्ग और निजामुद्दीन स्टेशन के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन तीन फेरे के दौरान प्रत्येक रविवार यानी नवंबर में 1, 8,15 को दुर्ग से रवाना होगी। वापसी के दौरान सोमवार 2, 9 एवं 16 नवंबर को निजामुद्दीन स्टेशन छोड़ेगी। दुर्ग से



हरिभूमि सरोकार

रवानगी के दौरान ट्रेन 11.20 सुबह 11.20 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसके बाद 11 स्टेशनों में स्टापेज लेते हुए निजामुद्दीन पहुंचेगी। वापसी के दौरान उसी रुट से आगे बढ़ते हुए दूसरे दिन 12.10 बजे रायपुर आगमन होगा। इस विशेष ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 4 जनरल, 11 स्लीपर, 2 एसी-थ्री, 1 एसी-2 सहित कुल 20 कोच की सुविधा रहेगी।

नहीं चलेगी ये ट्रेन

इधर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के चांपा-रायगढ़ सेक्शन के सक्ती-झाराडीह-खरसिया स्टेशनों के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कमीशनिंग के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 2 नवंबर को 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर तथा 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर गोंदिया-बिलासपुर-गोंदिया के मध्य चलेगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

धान के स्थान पर दूसरी फसल लेने पर प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि में वृद्धि

एपीएल-बीपीएल राशन कार्डधारियों को जनवरी से मिलेगा सुपर फाइन चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि प्रदेश में बीपीएल और एपीएल राशन कार्डधारियों को जनवरी से सुपर फाइन चावल उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चावल में 25 से 30 प्रतिशत तक ब्रोकन होता था। केंद्र सरकार के फैसले के बाद अब प्रदेश में भी राशन कार्डधारियों को सुपर फाइन चावल मिलना शुरू हो जाएगा। सरकार जनवरी से एपीएल और बीपीएल दोनों श्रेणियों के हितग्राहियों को बिना टूट वाला सुपर फाइन चावल उपलब्ध कराने की भी तैयारी कर रही है।

एकात्म परिसर में संवाददाताओं से चर्चा में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि प्रदेश में धान खरीदी की तैयारियां भी तेज हो



गई हैं। सरकार 15 नवंबर से किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदेगी। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदा जाएगा। किसानों को टोकन लेने में परेशानी न हो, इसके लिए बेहतर व्यवस्था की जा रही है। सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 360 नए धान उपार्जन केंद्र खोले गए है। मंत्री ने बताया कि सरकार धान के स्थान पर दूसरी फसल लेने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने अब प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि 11 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार रुपए की जाएगी। सरकार का उद्देश्य किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करना और तिलहन जैसी दूसरी फसलों का उत्पादन बढ़ाना है।

एग्रीटेक आईडी के आधार पर किसानों की पहचान

मंत्री ने बताया कि एग्रीटेक आईडी के आधार पर किसानों की पहचान और उनकी जमीन का सत्यापन किया जा रहा है। बाहरी धान की आवक रोकने के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था अपनाई जा रही है। नए उपार्जन केंद्रों पर कर्मचारियों और मजदूरों की भर्ती से रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को 35,589 करोड़ रुपए की आदान सहायता दी जा चुकी है। वहीं, 11,281 करोड़ रुपए किसानों के खातों में भेजे जाने की जानकारी दी।

कम उत्पादन में भी 21 क्विंटल प्रति एकड़ तक बोनस देने पर अभी निर्णय नहीं

21 क्विंटल कम उत्पादन होने पर भी अंतर की राशि (बोनस) प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक देने के सवाल पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, धान खरीदी पुरानी नीति के तहत होगी। नीति में किसी भी तरह का नीतिगत बदलाव नहीं हुआ है। कम उत्पादन होने या प्रति एकड़ 21 क्विंटल कम बेचने पर किसानों को 21 क्विंटल का बोनस देने का कोई निर्णय सरकार ने नहीं लिया है, इस पर सरकार विचार कर रही ह, और यह अभी प्रकियाधीन है।

'इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर' से निगरानी

उन्होंने बताया कि प्रदेश में धान के अवैध परिवहन, पुनर्चक्रण और खरीदी में अनियमितताओं को रोकने के लिए निगरानी तंत्र को और मजबूत किया जा रहा है। इसके लिए 'इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर' का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में इसके लिए 273 चेक पोस्ट तथा 131 सीमावर्ती उपार्जन केंद्र चिन्हांकित किए गए हैं। यहां प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए समय-सीमा तय की गई है। अति संवेदनशील केंद्रों की शिकायतों का निराकरण 24 घंटे, संवेदनशील केंद्रों की शिकायतों का 48 घंटे तथा सामान्य केंद्रों की शिकायतों का 72 घंटे के भीतर किया जाएगा।

क्यूआर कोड और लोकेशन ट्रैकिंग

भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में चावल की प्रत्येक बोरी पर क्यूआर कोड आधारित स्टैकिंग एवं ट्रेसिबिलिटी सुनिश्चित की जाएगी। इससे प्रत्येक बारदाने के परिवहन की निगरानी संभव होगी और चावल के पुनर्चक्रण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। परिवहन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने धान का उठाव लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस युक्त वाहनों से कराने के निर्देश दिए गए हैं।

खबर संक्षेप



बिरगांव की मतदाता सूची में गड़बड़ी पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

रायपुर। बिरगांव नगर निगम के स्थानीय निर्वाचन की मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने मतदाताओं के नाम दूसरे वार्डों में दर्ज होने, नाम काटे जाने और जेंडर संबंधी त्रुटियों की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस ने आशंका जताई कि इन गड़बड़ियों से मतदाताओं के मताधिकार पर असर पड़ सकता है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 23 अक्टूबर के बाद से ऑनलाइन पोर्टल बंद होने का मुद्दा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) कार्यालय में आयोजित बैठक में उठाया गया। कांग्रेस के अनुसार, पोर्टल बंद होने से मतदाता अपने नाम और अन्य विवरणों में सुधार नहीं करा पा रहे हैं। पार्टी ने वेबसाइट चालू होने की तारीख से समय-सीमा की गणना करते हुए दावा-आपत्ति और सुधार के लिए 5 नवंबर तक अवसर देने की मांग की। बैठक में मौजूद सभी राजनीतिक दलों ने इसका समर्थन किया।

स्वीकारी विभागीय भूल, एडिशनल से ज्वाइंट डायरेक्टर हेल्थ बनाए गए प्रशासनिक अफसर

रायपुर। चिकित्सकीय कैडर के पद पर प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की नियुक्ति के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने अपनी भूल स्वीकारी है। विभाग एडिशनल डायरेक्टर के रूप में नियुक्त किए गए अफसर को हटाकर ज्वाइंट डायरेक्टर बना दिया है। इस नियुक्ति को स्वास्थ्य संचालनालय में पदस्थ चिकित्सकीय सेवा वाले उपसंचालकों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। छत्तीसगढ़ इन सर्विस डाक्टर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डा. इकबाल हुसैन ने बताया कि लगाई गई याचिका की सुनवाई के दौरान शासन की ओर गलती सुधारने की जानकारी दी गई जिसके बाद मामला ग्राउंड हो गया। इसके अलावा याचिका के दूसरे मामले यानी विभागीय प्रमोशन वाले पद पर सीधी नियुक्ति के मामले पार्टी बनाए गए अधिकारी इंद्रजीत बर्मन के अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखने वक्त मांगा है। जिसकी अगली तारीख 18 नवंबर तय की गई है। स्वास्थ्य संचालनालय में प्रशासनिक अफसरों की नियुक्ति को गैर वाजिब बताकर चुनौती देने वाले एक उप संचालक को निलंबित करने के बाद मामला और गरमा गया था। इस तरह की नियुक्ति का सीडा के अलावा सीजीडीएफ, जूनियर डाक्टर एसोसिएशन, आईएमए के अलावा छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने भी इसका विरोध किया था। मतदाताओं के नाम स्थानांतरित होने की जांच हो- बंजारे जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, मतदाताओं के नाम उनके वास्तविक निवास वाले वार्ड के बजाय दूसरे वार्डों में दर्ज होने और नाम काटे जाने की शिकायतें गंभीर हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि कहीं इन गड़बड़ियों से मतदाताओं को परेशान कर उनके मताधिकार को प्रभावित करने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस विचारधारा से जुड़े मतदाताओं के नाम स्थानांतरित होने की शिकायतों की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

पंथी नृत्य के लिए उत्तम देवहरे छत्तीसगढ़ गौरव अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदिर हसौद

36 साल से पंथी लोक नृत्य के लिए समर्पित



राजधानी रायपुर के सिविल लाइन स्थित वृंदावन सभा गिरी में 25 अक्टूबर रविवार को वक्त मंच एवं दबंग स्वर के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ गौरव अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया समारोह के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय व्याख्याति प्राप्त कृषि वैज्ञानिक एवं दंतेश्वरी हर्बल समूह के संस्थापक डॉक्टर राजाराम त्रिपाठी प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार अनिल पुसदकर वरिष्ठ अतिथि भूजल वैज्ञानिक डॉक्टर विपिन दुबे डॉक्टर मानिक विश्वकर्मा नवरंग युवा संस्था के संचालक एम राजीव स्वदेश के उप संपादक राजकुमार धार दबंग शहर के प्रधान संपादक पंडित पी के तिवारी वक्त मंच के अध्यक्ष राजेश पराते कार्यक्रम का संचालन किया एवं संयोजक सुभाष साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर लोक कला के क्षेत्र में बहनाकाडी रायपुर के रहने वाले उत्तम देवह रे को छत्तीसगढ़ गौरवअवार्ड से सम्मानित किया उत्तम देवहरे ने 36 साल से पंथी लोक नृत्य करते आ रहे हैं उनके जागृति पंथी लोक नृत्य दल ने देश के विभिन्न प्रांतो में पंथी लोक नृत्य प्रस्तुत करके लोक कलाओं का संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य कर रहा है ।

जागृति पंथी लोक नृत्य दल ने द्वितीय राष्ट्रीय उत्सव 1996 कोलकाता में प्रथम स्थान एवं चौथा राष्ट्रीय उत्सव 1998 चेन्नई में तृतीय स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवी त किया छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव में तीन बार प्रथम स्थान प्राप्त किया जागृति पंथी लोक नृत्य दल को भिलाई स्टील प्लांट द्वारा स्व देंवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

विधायक अनुज शर्मा की पहल रंग लाई, पिछले वर्ष कुंवरगढ़ महोत्सव में मुख्यमंत्री से किया वादा हुआ पूरा

कूंरा को कुंवरगढ़ बनाने के ऐतिहासिक संकल्प पर कैबिनेट की बैठक में मुहर से अंचल में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा/कूंरा

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपरा और ऐतिहासिक गौरव को पुनर्स्थापित करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। राज्य मंत्रिमंडल (कैबिनेट) की बैठक में धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत कूंरा का नाम बदलकर पुनः इसका प्राचीन व ऐतिहासिक नाम 'कुंवरगढ़' करने के प्रस्ताव को आधिकारिक स्वीकृति दे दी गई है।

- छत्तीसगढ़ के प्राचीन 36 गढ़ों में से एक 'कुंवरगढ़' का वैभव लौटा

छत्तीसगढ़ के प्राचीन 36 गढ़ों में से एक है कुंवरगढ़

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की प्राचीन भौगोलिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था में '36 गढ़' हुआ करते थे, जिनमें कुंवरगढ़ का अपना एक विशिष्ट और गौरवशाली ऐतिहासिक स्थान रहा है। समय के साथ नाम में आए बदलावों के कारण इस प्राचीन गढ़ की पहचान धीरे-धीरे धूमिल हो रही थी। सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से न केवल कूंरा क्षेत्र को उसकी खोई हुई ऐतिहासिक पहचान वापस मिली है, बल्कि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी समृद्ध संस्कृति, अनमोल धरोहर और प्राचीन इतिहास से गहराई से जुड़ सकेंगी।



विधायक अनुज शर्मा की पहल पर संकल्प लाया रंग

नगर पंचायत का नाम बदलने की यह गौरवशाली उपलब्धि धरसींवा के लोकप्रिय विधायक अनुज शर्मा के अथक प्रयासों, क्षेत्रवासियों के प्रति समर्पण और उनकी वर्षों पुरानी मांग को धरातल पर उतारने की प्रबल इच्छाशक्ति का परिणाम है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष आयोजित भव्य 'कुंवरगढ़ महोत्सव' के मंच से विधायक अनुज शर्मा ने छत्तीसगढ़ के प्राचीन 36 गढ़ों में से एक 'कुंवरगढ़' के ऐतिहासिक महत्व को पुरजोर तरीके से उठाया था। उन्होंने प्रमुखता से रेखांकित किया था कि इस प्राचीन नगर का मूल एवं गौरवशाली नाम 'कुंवरगढ़' ही था। विधायक श्री शर्मा ने उसी मंच से यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के समक्ष नगर का यह ऐतिहासिक नाम पुनर्जीवित करने का विशेष आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने जनभावनाओं और क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को समझते हुए इस पर अपनी सहमति जताई थी, और आज राज्य मंत्रिमंडल की मुहर लगने के साथ ही वह वादा धरातल पर उतर आया है।

विधायक का अभिनंदन और जनता का आभार

इस ऐतिहासिक निर्णय के धरातल पर उतरने के बाद धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों और विशेषकर कुंवरगढ़ (कूंरा) वासियों में भारी खुशी और जश्न का माहौल है। इस गौरवमयी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों ने इसका पूरा श्रेय अपने लोकप्रिय विधायक अनुज शर्मा के सतत संघर्ष और दूरदर्शी सोच को दिया है।

संपूर्ण क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल

इस ऐतिहासिक घोषणा के बाद पूरे धरसींवा क्षेत्र में दीवाली जैसा माहौल है। अपनी प्राचीन सांस्कृतिक पहचान वापस मिलने की खुशी में क्षेत्रवासियों ने आतिशबाजी की, एक-दूसरे को गुलाल लगाया और मिठाई बांटकर खुशियां मनाईं। सभी ने जनभावनाओं का सम्मान करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार और विधायक अनुज शर्मा के प्रति सामूहिक रूप से आभार प्रकट किया है।

200 यूनिट बिजली छूट का फैसला कागजी, जनता को नहीं मिलेगा लाभ

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने साय मंत्रिमंडल द्वारा 200 यूनिट तक



बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट जारी रखने के फैसले को कागजी बताते हुए आरोप लगाया है कि इससे प्रदेश के अधिकतर घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने कांग्रेस शासनकाल की 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना का दायरा घटाकर 200 यूनिट कर दिया है और इसके साथ ऐसी शर्तें जोड़ी हैं, जिनसे उपभोक्ताओं को अपेक्षित लाभ नहीं मिलेगा। शुक्ला ने कहा, बिजली खपत निर्धारित सीमा से अधिक होने पर छूट समाप्त होने की व्यवस्था उपभोक्ताओं के हित में नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिल बढ़ रहे हैं और सरकार अधिक वसूली कर रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, सरकार का दावा है कि इस फैसले से छह लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा, जबकि प्रदेश में घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 65 लाख से अधिक है।

धान पर गरमाई सियासत, सरकार ने कहा- प्रति क्विंटल 3100 देंगे, कांग्रेस बोली-3358 रुपए दो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



धान खरीदी की नीति जारी होने के साथ ही राज्य में सियासत गरमा गई है। धान खरीदी की व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने धान खरीदी को लेकर भाजपा सरकार पर किसानों से वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। सरकार किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदेगी।

कांग्रेस ने मांग है कि किसानों को धान का 3358 रुपये प्रति क्विंटल की दर से एकमुश्त भुगतान किया जाए। बैज ने कहा, भाजपा ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का वादा किया था। अब आदान सहायता की गणना प्रति एकड़ के आधार पर करने से किसानों को मिलने वाली राशि प्रभावित हो सकती है।

आदान सहायता घटाने का आरोप

बैज के अनुसार, वर्ष 2023-24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2183 रुपये प्रति क्विंटल था और राज्य सरकार 917 रुपये आदान सहायता देती थी। वर्ष 2024-25 में एमएसपी 2300 रुपये होने पर सहायता 800 रुपये, 2025-26 में एमएसपी 2369 रुपये होने पर 731 रुपये और 2026-27 में एमएसपी 2441 रुपये होने पर सहायता 659 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। उन्होंने दावा किया कि सहायता में कुल 258 रुपये की कमी हुई है। कांग्रेस ने एमएसपी वृद्धि जोड़कर 3358 रुपये भुगतान की मांग की है। उन्होंने दीपावली से पहले किसानों को अग्रिम भुगतान और 6066 करोड़ रुपये की बकाया राशि देने की भी मांग की।

कुपोषण से पांच बच्चों की मौत, मुआवजे की मांग

बैज ने बताया कि उन्होंने आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव और स्थानीय नेताओं के साथ कवर्धा जिले के रेंगाखार वनांचल क्षेत्र स्थित नंदनी कुमान गांव तथा बोडला उपस्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। उनके अनुसार, गांव में कुपोषण और एनीमिया से बैगा समुदाय के पांच बच्चों की मौत हुई है, जबकि 13 प्रभावित बच्चे बोडला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती हैं।

दुर्ग-निजामुद्दीन दुर्ग के बीच परिचालन, दिवाली से छठ पूजा तक चलेगी

दिवाली पर यात्रियों को अतिरिक्त कंफर्म बर्थ का उपहार, स्पेशल ट्रेन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिवाली और छठ पूजा मनाने घर जाने वाले यात्रियों को सफर के दौरान परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। यात्रियों को ज्यादा बर्थ उपलब्ध कराने दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग के बीच 3-3 फेरे की स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशन पर स्टापेज लेगी।

लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट भी लंबी हो चुकी है। ऐसे में रेल प्रशासन विशेष ट्रेनों का संचालन कर यात्रियों को राहत देने का प्रयास कर रहा है। इसी दौर में दुर्ग और निजामुद्दीन स्टेशन के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन तीन फेरे के दौरान प्रत्येक रविवार यानी नवंबर में 1, 8,15 को दुर्ग से रवाना होगी। वापसी के दौरान सोमवार 2, 9 एवं 16 नवंबर को निजामुद्दीन स्टेशन छोड़ेगी। दुर्ग से रवानगी के दौरान ट्रेन 11.20 सुबह 11.20 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसके बाद 11 स्टेशनों में स्टापेज लेते हुए निजामुद्दीन पहुंचेगी। वापसी के दौरान उसी रुट से आगे बढ़ते हुए दूसरे दिन 12.10 बजे रायपुर आगमन होगा। इस विशेष ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 4 जनरल, 11 स्लीपर, 2 एसी-थ्री, 1 एसी-2 सहित कुल 20 कोच की सुविधा रहेगी।



नहीं चलेगी ये ट्रेन

इधर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के चांपा-रायगढ़ सेक्शन के सक्ती-झाराडीह-खरसिया स्टेशनों के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कमीशनिंग के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 2 नवंबर को 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर तथा 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर गोंदिया-बिलासपुर-गोंदिया के मध्य चलेगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

महर्षि वाल्मीकि की मनाई जयंती

भाटापारा। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर महर्षि वाल्मीकि समाज भाटापारा द्वारा दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।रामजानकी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए वाल्मीकि नगर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम में संपन्न हुई। कार्यक्रम मे महर्षि वाल्मीकि जी, लव-कुश जी एवं माता सीता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे, शामिल हुए। समाज के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा समाज की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। उनके इस आश्वासन से समाज के लोगों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष प्रत्येश राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन डागोर, प्रदेश प्रवक्ता संदीप डागोर, महा संरक्षक शिव चौहान, संरक्षक शंकर झंझोते, पूर्व महा संरक्षक अनूप डागोर,सचिव गोविन्द चौहान, मिडिया प्रामरी राकेश राठौर, महेश राठौर, नवीन डागोर, राजा चौहान, संजय चौहान, डोमन राठौर, वरिष्ठजन परदेशी चौहान, पुनीत डागोर, प्रदीप डागोर, संतोष डागोर, बुधराम डागोर,महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

स्कूल में ई-कचरा प्रबंधन दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

खरोरा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में ई-कचरा प्रबंधन दिवस के अवसर पर निबंध लेखन, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को ई-कचरे के सुरक्षित प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गांव में जागरूकता रैली निकालकर घरों में अनुपयोगी पड़े पुराने कंप्यूटर, मोबाइल फोन, चार्जर, केबल, बैटरी सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सामान्य कचरे से अलग रखने तथा उनका सुरक्षित निपटान करने का संदेश दिया गया।

विद्यालय परिसर में ई-कचरा संग्रहण कॉर्नर भी बनाया गया है, जहां एकत्रित ई-कचरे को नियमानुसार अधिकृत रिसाइक्लर को सौंपा जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रार्थना सभा में जागरूकता संवाद एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। साथ ही पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, निबंध लेखन, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को ई-कचरे से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान तथा उसके उचित प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के उपरांत गतिविधियों से संबंधित जियो-टैग्ड तस्वीरें भारत सरकार के इको क्लब पोर्टल पर अपलोड की गईं।

22 विद्यार्थियों से स्कूल किय प्रारंभ अब है 2200 छात्र

बघेल शिक्षण समिति की रजत जयंती पर सांस्कृतिक की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरपोंगी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के तत्वालधान में संचालित डॉ. खूबचंद बघेल शिक्षण समिति के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय सिलतरा में भव्य रजत जयंती समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप मुख्य अतिथि एवं धरसींवा राज के राजप्रधान नीलमणी परगनिहा अध्यक्ष के रूप में शामिल हुए।

समारोह का शुभारंभ समाज के पुरोधा पुरुषों के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके पश्चात सभी मंचासीन अतिथियों का श्रीफल, शाल व पुष्पमाला से



स्वागत हुआ। स्वागत भाषण में प्राचार्य सुरेखा वर्मा ने विद्यालय की 25 वर्षों की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, वहीं पूर्व महामंत्री ललित बघेल ने समिति गठन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में राजप्रधान श्री नीलमणी परगनिहा ने कहा कि मात्र 22 विद्यार्थियों से शुरू होकर आज लगभग 2200 विद्यार्थियों तक पहुँचना शाला प्रबंधन, शिक्षकों और समाज के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग का ही परिणाम है, और धरसींवा राज द्वारा संचालित यह विद्यालय पूरे छत्तीसगढ़ के आत्मानंद विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ है। मुख्य अतिथि खोड़स राम कश्यप ने सामाजिक योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज अब केवल रोटी-बेटी के संबंध तक सीमित न रहकर रचनात्मक कार्यों में भी आगे बढ़ रहा है; साथ ही उन्होंने आगामी महाधिवेशन के धरसींवा राज में ऐतिहासिक आयोजन की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर केंद्रीय महामंत्री यशवंत वर्मा, केंद्रीय युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, महेंद्र कश्यप, केंद्रीय मंत्री जे. एल. वर्मा, पूर्व राज प्रधान दशरथ वर्मा, महेश नायक, शिव वर्मा, सिमगा इकाई प्रमुख प्रताप वर्मा धरसींवा राज की महिला प्रमुख उषा वर्मा, राजमंत्री धर्मेन्द्र वर्मा, छात्रवृत्ति प्रभारी अशोक कश्यप, उप राजप्रधान राजेश वर्मा, स्थानीय सरपंच



शांति वर्मा, उपसरपंच रामकुमार वर्मा, लेखु वर्मा, शीतल वर्मा, ग्राम प्रमुख समय लाल वर्मा, बलराम वर्मा, शाला परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ, सिलतरा के स्वजातीय बंधु एवं सैकड़ों ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

स्कूल स्टेट गेम्स क्रिकेट में रायपुर संभाग को गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदिर हसौद

26वीं स्कूल स्टेट गेम्स 2026–27 के अंतर्गत राजनांदगांव में आयोजित राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर संभाग की टीम द्वारा गोल्ड मेडल जीतने पर समस्त खिलाड़ियों, कोच एवं खेल प्रशिक्षकों को मंदिर हसौद क्षेत्र वासियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

- प्रतियोगिता में मंदिर हसौद और आरंग का योगदान महत्वपूर्ण

जहां इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में मंदिर हसौद के दिव्य मिश्रा एवं आरंग के लक्ष्य चेलक की सहभागिता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। जहां कोच एवं मैनेजर ओंकारेश्वर सोनवानी के नेतृत्व में टीम ने फाइनल मुकाबले में बस्तर संभाग को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इससे पूर्व मंदिर हसौद के गुरु घासीदास स्टेडियम में संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। ऐसे आयोजनों से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

जिसके चलते आज गोल्ड मेडल जीत क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया जिसके लिए समस्त टीम एवं कोच को इस शानदार सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई।

खबर संक्षेप



छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक ने 'जीरो मास' के साथ की साझेदारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक ने राज्यभर में अपने बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार करने के लिए, बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड की सहायक कंपनी 'जीरो मास प्राइवेट लिमिटेड' को 'बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट' (बीसी) के रूप में नियुक्त किया है। इस साझेदारी के तहत कंपनी छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों को कवर करेगी। इसमें मुख्य रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा, जहां औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच सीमित है या लोग दूर स्थित बैंक शाखाओं पर निर्भर हैं। छत्तीसगढ़ में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच हर जगह एक समान नहीं है। कई ग्रामीण और आदिवासी बहुल जिलों में लोगों को बैंक शाखाओं से जुड़ी सेवाएं प्राप्त करने में आज भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बस्तर, सरगुजा, कांकेर, दंतेवाड़ा के बड़े हिस्सों और बलरामपुर तथा मुंगेली के दूर-दराज के इलाकों में बैंक शाखाओं की कमी है। साथ ही, यहां डिजिटल साक्षरता कम होने के कारण मोबाइल बैंकिंग का उपयोग भी सीमित है और लोग मुख्य रूप से नकद (कैश) आधारित लेनदेन पर निर्भर हैं। ऐसे क्षेत्रों में 'असिस्टेड बैंकिंग' (सहायता-आधारित बैंकिंग) चैनल बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस साझेदारी पर बीएलएस ई-सर्विसेज के डिप्टी सीईओ आशीष मिश्रा ने कहा किछत्तीसगढ़ का भौगोलिक स्वरूप काफी विविध है, जहां कई समुदाय अपनी दैनिक बैंकिंग जरूरतों के लिए 'असिस्टेड बैंकिंग' चैनलों पर निर्भर हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक को 'लास्ट माइल डिलीवरी' (अंतिम छोर तक सेवा पहुंचाने) को मजबूत करने में सहयोग देना है, ताकि ग्राहक अपने ही गांवों और इलाकों में बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें।

विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स को 33 दिन से नहीं मिली पेंशन

रायपुर। छग विश्वविद्यालयीन पेंशनर कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र एवं महासचिव शिरीष त्रिवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री समेत आधे दर्जन से अधिक जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर मांग की गई है कि प्रदेश के सेवानिवृत विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों को भी सातवें वेतनमान के अनुसार पेंशन का भुगतान किया जाए। इसके अलावा सीनियर सिटीजन कर्मचारियों को 33 दिन से पेंशन नहीं मिली है। इसलिए सितंबर माह का पेंशन भुगतान जल्द से जल्द कराया जाए।

निधन

विजय मिश्रा

रायपुर। मुंगेली जिले के गौधा (लिम्हा) के प्रतिष्ठित मिश्रा परिवार



के सदस्य, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. ज्वाला प्रसाद मिश्रा के सबसे छोटे पुत्र, अधिवक्ता विजय मिश्रा (80) का 28 अक्टूबर को बिलासपुर में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान कुदुदंड बिलासपुर से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

तीन जगहों पर बनेगा कचरा ट्रांसफर स्टेशन, 1.50 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम शहर के तीन अलग-अलग स्थानों पर 1.50 करोड़ रुपए खर्च कर कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण कराएगा। इसके लिए तीन जोन में जगह की तलाश जोन स्तर पर की जा रही है, पर संबंधित क्षेत्र के रहवासियों द्वारा कूड़ा एकत्रीकरण के लिए ट्रांसफर स्टेशन को लेकर ऐतराज के कारण स्थल चिन्हांकन में देर हो रही है। नगर निगम द्वारा जोन 2, जोन 9 और जोन 10 क्षेत्र में कचरा ट्रांसफर स्टेशन बनाया जाना प्रस्तावित है।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने कचरा ट्रांसफर स्टेशन बनाने के लिए ऑनलाइन टेंडर कर 2 एजेंसियों का चयन करने का कार्य पूरा कर लिया है। इसके साथ ही संबंधित एजेंसियों को निर्माण कार्य के लिए वर्कआर्डर भी जारी हो गया है। दिक्कत ये है कि जोन स्तर पर कचरा ट्रांसफर स्टेशन के लिए जगह चिन्हांकित नहीं होने से यह कार्य अभी शुरू नहीं हो पाया है।

दरअसल, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर को स्वच्छ रखने और कूड़े को सुव्यवस्थित तरीके से रखने के लिए ट्रांसफर कचरा स्टेशन बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। वर्तमान में शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी कंपनी को नगर निगम ने शहरभर में केवल चुनिंदा सेकंडरी कलेक्शन पाइंट ही उपलब्ध कराए हैं। इसके कारण एक सेकंडरी कलेक्शन पाइंट में 5 से 6 वार्डों का कचरा सफाई वाहनों में भरकर लाया जा रहा है। शहर की बसाहट के हिसाब से कचरा कलेक्शन पाइंट सीमित होने से अनुबंधित एजेंसी के गाड़ियों को एक जगह से दूसरी जगह का कचरा परिवहन करने में समय और दूरी ज्यादा तय करनी पड़ रही है। इसे देखते हुए अब 3 अलग-अलग जोन में नए कचरा ट्रांसफर सेंटर बनाए जाएंगे।

खास बातें

- स्वच्छता विभाग ने ऑनलाइन टेंडर कर दो एजेंसियों को दिया वर्कआर्डर
- नगर निगम जोन 2, जोन 9 और 10 में जगह तलाशने में छूट रहा पसीना

1 ट्रांसफर कचरा स्टेशन के लिए 50 लाख रुपए स्वीकृत

निगम के स्वास्थ्य विभाग ने 3 स्थानों पर ट्रांसफर कचरा स्टेशन बनवाने एजेंसी तय कर वर्कआर्डर जारी किया है। जगह का चिन्हांकन संबंधित जोन को करना है। साथ ही निर्माण की निगरानी संबंधित जोन के अधिकारी करेंगे। प्रत्येक ट्रांसफर कचरा स्टेशन के निर्माण में 50 लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। इस तरह से तीन अलग-अलग स्थानों पर ट्रांसफर कचरा स्टेशन निर्माण में 1.50 करोड़ रुपए खर्च होंगे। नगर निगम जोन 2 क्षेत्र के लिए पंडरी के पुराना बसस्टैंड क्षेत्र



में खाली पड़ी जमीन पर ट्रांसफर कचरा स्टेशन बनाया जाना प्रस्तावित है। इसी तरह नगर निगम जोन 9 कमिश्नरी द्वारा कचना, दलदल सिवनी और लभांडी क्षेत्र में सर्वे कर जगह का चिन्हांकन करने का कार्य किया जा रहा है। जोन 10 इलाके में कचरा ट्रांसफर स्टेशन के लिए गोकुलनगर काठाडीह वाली जगह देखी जा रही है। ट्रांसफर कचरा स्टेशन के तहत पक्के शेड, बाउंड्रीवाल, गेट, बिजली, पानी की व्यवस्था सहित अन्य तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

दिनों के हिसाब से स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर मरीज देख रहे डेंटिस्ट

हेल्थ सेंटरों में कम नहीं हो रही दांतों की पीड़ा कहीं डाक्टर तो कहीं जरूरी उपकरणों का टोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दांतों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, मगर सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इसका बेहतर तरीके से इलाज नहीं हो पा रहा है। किसी स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर नहीं है, तो कहीं इलाज से संबंधित उपकरण नहीं है। डेंटिस्ट की संख्या सीमित होने के कारण उन्हें दिनों के हिसाब से अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों में ड्यूटी करनी पड़ ही है। पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की वजह से कुछ स्थानों में डेंटल चेयर खराब होने लगी हैं, तो एक हेल्थ सेंटर में तो दो साल से डेंटल चेयर की पैकिंग ही नहीं खुल पाई।

तंबाकूयुक्त खाद्य पदार्थों के उपयोग की वजह से दांतों की बीमारी की समस्या लगातार बढ़ रही है। इसके इलाज के लिए राजधानी समेत जिलेभर में निजी डेंटिस्टों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वैसे तो शासकीय हेल्थ सेंटरों में दांतों की बीमारी के इलाज की व्यवस्था है, मगर यहां मरीजों का दर्द सही तरीके से दूर नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह पर्याप्त संख्या में दंत चिकित्सकों की नियुक्ति और जरूरी उपकरण का अभाव है। ज्यादातर स्वास्थ्य केंद्रों से मरीजों को प्राथमिक जांच के बाद शासकीय डेंटल कालेज रेफर किए जाने की प्रक्रिया पूरी की जाती है।

जानकारों के मुताबिक इसकी प्रमुख वजह दांतों के डाक्टर और मरीज के इलाज से संबंधित जरूरी उपकरणों का समुचित तरीके से रखरखाव नहीं होना है। हालत यह है कि कुछ स्वास्थ्य केंद्रों में दांतों के डाक्टर की कमी है, तो कुछ में उनके पास इलाज के लिए जरूरी संसाधनों का अभाव है। हालत तो यह है कि कुछ स्थानों पर डेंटल चेयर का उपयोग ही शुरू नहीं हुआ, तो कुछ जगह जरूरी उपकरण खराब होने की स्थिति में आ गए।

एक सेंटर में डेंटल चेयर नहीं खुली तो कुछ की खराब हो गई

20 हेल्थ सेंटरों में पदस्थ हैं 8 डाक्टर

रायपुर में प्राथमिक और सामुदायिक स्तर के कुल 20 हेल्थ सेंटर मौजूद हैं। इनमें डेढ़ दर्जन के करीब प्राथमिक और चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। नियम के हिसाब से यहां दांतों के डाक्टर और जरूरी उपकरणों की व्यवस्था होनी चाहिए, मगर वास्तव में आठ दंत चिकित्सक संविदा स्तर पर अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी सेवा दे रहे हैं। वहीं 9 स्थानों में डेंटल चेयर की व्यवस्था है, जिसमें से कुछ काम नहीं आ रहे हैं।

बोझ डेंटल कालेज पर

डेंटिस्ट दिन के हिसाब से विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में बैठकर आने वाले मरीजों की जांच करते रहे हैं। इस दौरान सामान्य दर्द पर उन्हें दवा देकर काम चलाया जाता है, वहीं दांत तोड़ने सहित अन्य कार्यों के लिए उन्हें शासकीय डेंटल कालेज जाने की सलाह दी जाती है।



सुधारी जा रही है व्यवस्था

मरीजों को दांतों के इलाज की सुविधा मिले, इसके लिए कमियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। डेंटिस्टों की व्यवस्था के साथ आवश्यक उपकरणों का इंतजाम भी किया जा रहा है।

डा. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ

ऐसा हाल

1. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खो-खो पारा में डेंटिस्ट की नियुक्ति लेकिन उपकरण नहीं
2. गुढ़ियारी के हमर अस्पताल में नियमित डाक्टर नहीं, डेंटल चेयर भी खराब
3. 50 बिस्तर अस्पताल आयुर्वेद कालेज परिसर में जरूरी कंज्यूमेबल्स नहीं
4. हीरापुर में डेंटिस्ट नहीं इसलिए डेंटल चेयर की पैकिंग ही नहीं खुली

एनडीपीएस के दो अलग-अलग प्रकरण में चार को 20-20 साल कैद के साथ जुर्माना

आमानाका, उरला थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशीली कफ सिरप के साथ जब्त किया था गांजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एनडीपीएस के दो अलग-अलग प्रकरण में कोर्ट ने चार आरोपियों को 20-20 वर्ष कैद तथा दो-दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी को कोर्ट ने फरार घोषित किया है। आमानाका में कफ सिरप के साथ गिरफ्तार तीन आरोपियों को विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की कोर्ट ने कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। दोनों प्रकरण एक वर्ष पूर्व 2025 का है।

विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू के अनुसार कोर्ट ने युवराज सिंह, वाजिद खान तथा निहाल सिंह को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को 15 अक्टूबर 2025 को प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी ई-रिक्शा में सवार होकर कफ सिरप बेचने एम्स अस्पताल के गेट नंबर चार के पास ग्राहक तलाश रहे थे। आरोपियों ने दुर्ग निवासी भवनाथ तिवारी से कफ सिरप खरीदी थी। आरोपियों के पकड़े जाने की जानकारी मिलने पर एक आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 40 शीशी कफ सिरप जब्त किया था।

माल अनलोड करने आया ड्राइवर ट्रक से ले जा रहा था गांजा

एक अन्य प्रकरण में कोर्ट ने गुजरात, आणंद निवासी इरफान सा दीवान को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी को पुलिस ने एक अप्रैल 2025 को 40 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी गुजरात पासिंग के ट्रक जीजे 01 जेटी 4272 में गांजा ले जाने की फिराक में था। आरोपी पेशे से ड्राइवर है, वो उरला स्थित एक इस्पात कंपनी में माल छोड़ने आया था। माल अनलोड करने के दौरान बोरी में रखे गांजा पर गार्ड की नजर पड़ी। इसके बाद उसने इसकी जानकारी उरला पुलिस को दी। आरोपी गांजा परिवहन करने पैसों के लालच में किसी इरफान नाम के व्यक्ति के कहने पर ट्रक में चोरी छिपे गांजा ले जाने की फिराक में था।

पेज 09 के शेष

अनवरत बारिश के ....

अर्नब से प्रभावित रहा। इसके असर से बस्तर में वर्षा और हवा की गति अधिक रही और राजधानी में सुबह से शुरू हुई बारिश रातभर अपना असर दिखाती रही। इस दौरान हवा की गति ज्यादा होने से तापमान में भारी गिरावट हुई और ठंडकता का अहसास हुआ। राज्य में अधिकतम तापमान बिलासपुर में 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और रायपुर का पारा 26.1 रिकार्ड किया गया। गुरुवार को बस्तर संभाग में 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने तथा भारी से माध्यम वर्षा होने की संभावना है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा संभाग के जिलों में 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने तथा अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। कुछ स्थानों पर माध्यम से भारी वर्षा होने की भी संभावना है।

एक से पांच ....

राजस्व विभाग है, उसके बाद स्कूल शिक्षा का नंबर आया। घूस में बड़ी रकम मांगने वाले भी कम नहीं है। एक लाख से पांच लाख तक में रिश्वत का सौदा करने वालों में ऊपर से नीचे तक लोग शामिल हैं।

टॉप टेन, कौन कितनी ...

को आरटीई अधिनियम के तहत मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि जारी करने के लिए कमीशन के रूप में एक लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

अनिल कुमार चेलक - सहायक ग्रेड-2, एसडीएम कार्यालय धरमजयगढ़, रायगढ़ : इन्हें प्रार्थी की खरीदी हुई जमीन की रजिस्ट्री के संबंध में हुई एक शिकायत को नस्तीबद्ध (फाइल क्लोज) करने के एवज में एक लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

सोहन लाल भगत - कृषि विकास अधिकारी, बीज निरीक्षक, अम्बिकापुर, सरगुजा : इन्होंने कोल्ड स्टोरेज में रखे धान व मक्का के बीजों को अवैध भंडारण बताकर जब्ती की कार्रवाई का डर दिखाया और प्रार्थी से एक लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

देवेन्द्र चन्द्राकर - सरपंच, ग्राम पंचायत बेमचा, महासमुंद : इन्हें प्रार्थी और उसकी पत्नी द्वारा काबिज आबादी भूमि को किसी अन्य व्यक्ति को आवंटित करने की धमकी देकर किस्त के रूप में एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

ऑनलाइन 95 हजार की....

सामान पसंद नहीं आने पर महिला ने वापस करने संबंधित ऑनलाइन शॉपिंग साइट के कस्टमर केयर का नंबर गूगल से सर्च किया। नंबर सर्च करने पर महिला को शॉपिंग साइट की जगह उसी से मिलता जुलता फेक साइट का नंबर मिल गया। प्राप्त नंबर पर संपर्क करने पर जालसाज ने महिला को सामान वापसी करने जरूरी प्रोसेस करने का झांसा देकर उनसे जरूरी जानकारी हासिल कर अकाउंट से रकम पार कर दी।

आकाश में दिल ....

इसके लिए सारंग के 6 हेलीकाप्टर और 7 सदस्यों की टीम पहुंची हुई है। रायपुर में एयर-शो करना पूरी टीम सारंग के लिए गर्व की बात होगी। सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम का नेतृत्व ग्रुप कैप्टन अभिजीत कुमार करेंगे। टीम में दो महिला पायलट स्क्वाड्रन लीडर अंकिता और स्क्वाड्रन लीडर अक्षया भी शामिल हैं। टीम के सदस्य पांच हेलीकॉप्टरों के माध्यम से आसमान में विभिन्न रोमांचक संरचनाओं और साहसिक हवाई करतबों का प्रदर्शन करेंगे। सारंग टीम में कुल 4 महिला पायलट स्क्वाड्रन लीडर 6 पुरुष पायलट मिलाकर कुल 10 पायलट सदस्यों की टीम एयर-शो में हिस्सा लेगी। वहीं तकनीकी टीम की बात करें तो सारंग टीम में 50 सदस्यीय तकनीकी टीम शामिल है। इस हवाई प्रदर्शन का सबसे मुख्य आकर्षण तब होगा, जब टीम के 5 स्वदेशी एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर एएलएच 'ध्रुव' हवा में एक साथ उड़ान भरकर आसमान में 'दिल' हार्ट-इन-द-स्काई की भव्य आकृति उकेरेंगे और छत्तीसगढ़ की जनता का अभिनंदन करेंगे।

निगम के भवनों...

अलग से एप बनकर तैयार है। इस प्रस्ताव को एमआईसी में रखा जाएगा जहां स्वीकृति मिलने पर यह सुविधा शहर की आम जनता को मिलने लगेगी। अपनी तरह की यह अनूठी सुविधा खासकर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों, सोशल इंफ्यूएंजर और इवेंट आर्गेनाइजर को शहर के बीच मिलेगी। रायपुर नगर निगम द्वारा शहर के अलग-अलग लोकेशन में बनाए गए ऐतिहासिक भवनों के संरक्षण और उसके संवर्धन को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के संस्कृति विभाग ने महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर निगम के 23 भवनों को सूचीबद्ध कर ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा लोगों को उपलब्ध कराने की योजना बनाई है। इससे लोग अपनी सुविधा अनुसार नगर निगम के सामुदायिक भवन, शहीद स्मारक, आनंद समाज लाइब्रेरी सभागार, कम्यूनिटी हॉल, सियान सदन, आंबेडकर भवन सहित अन्य भवनों की बुकिंग ऑफलाइन की जगह एक क्लिक पर ऑनलाइन घर बैठे कर सकेंगे। इससे 23 अलग-अलग तरह के भवन की देखरेख, मरम्मत और संरक्षण में आसानी होगी।

प्रमुख भवन और...

क्षमता- 100 एसी सुविधा 2,242 रुपए किराया प्रतिदिन
0 गंगाराम सामुदायिक भवन इंडोर स्टेडियम के पीछे - 1 हॉल, 1 रूम क्षमता 100 नान एसी किराया एक दिन का 4 हजार रुपए

बिजनेस साइट

करवा चौथ पर श्री महालक्ष्मी ज्वेलर्स में डायमंड ज्वेलरी के एक्सक्लूसिव कलेक्शंस



रायपुर। करवा चौथ के अवसर पर कोतवाली चौक स्थित श्री महालक्ष्मी ज्वेलर्स में डायमंड ज्वेलरी का आकर्षक एक्सक्लूसिव उपलब्ध है। यहां नोजपिन, रिंग, टॉप्स, बैंगल, ब्रेसलेट और नेकलेस की विभिन्न वैरायटी ग्राहकों के लिए पेश की गई हैं। शोरूम संचालक अजय कुमार लूनिया और दिलीप लूनिया ने बताया कि ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष कैशबैक ऑफर दिया जा रहा है। इसके तहत 1 लाख रुपए की खरीदारी पर 7 हजार, 2 लाख पर 15 हजार, 5 लाख पर 30 हजार और 10 लाख रुपए की खरीदारी पर 50 हजार रुपए तक कैशबैक मिलेगा। इस राशि से गोल्ड, डायमंड या सिल्वर ज्वेलरी और कॉइन खरीदे जा सकते हैं। संचालकों के अनुसार, शोरूम में किसी भी ज्वेलर की डायमंड ज्वेलरी एक्सचेंज करने की सुविधा के साथ गोल्ड और डायमंड पर मौजूदा दरों के अनुसार 100% बायबैक की सुविधा भी है। वर्ष 2001 में शुरू हुए इस शोरूम को डायमंड ज्वेलरी के क्षेत्र में 26 वर्षों का अनुभव है।

बीआईटी रायपुर में मशीन लर्निंग और डेटा एनॉलिटिक्स की दी ट्रेनिंग

रायपुर। भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), रायपुर में 27 और 28 अक्टूबर को मशीन लर्निंग, पायथन और डेटा एनालिटिक्स पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसई) विभाग और एसोसिएशन ऑफ कंप्यूटर्स (एसीई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. आरके मिश्रा ने कहा कि तकनीकी क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों के बीच ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों से जोड़ने में मददगार हैं। इसके बाद डॉ. महादेव बाग ने



पायथन प्रोग्रामिंग के बुनियादी सिद्धांतों की जानकारी देते हुए हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के दूसरे दिन एनआईटी रायपुर की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मृदु साहू ने मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और विजुअलाइजेशन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस दौरान विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश बरापात्रे, डॉ. विजयंत वर्मा, ललिता पनिका, सना दानवानी, प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

क्लैट पॉसिबल रायपुर में 31 अक्टूबर को होगा जीके दिवाली कार्निवल

रायपुर। विद्यार्थियों को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्लैट पॉसिबल (सीपी) रायपुर की ओर से 31 अक्टूबर को 'जीके दिवाली कार्निवल' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम चाणक्य टॉवर, आनंद नगर, मेन रोड, मरीन ड्राइव, तेलीबांधा में आयोजित होगा। इसमें विद्यार्थियों के लिए जीके मैराथन के साथ विशेषज्ञों के मार्गदर्शन की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में क्लैट



पॉसिबल लखनऊ के आदित्य सर और सौरभ सर विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां देंगे। आयोजन में क्विज, मनोरंजक गतिविधियां, रिफ्रेशमेंट, टेक-अवे किट और उपहार भी शामिल होंगे। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ मनोरंजक माहौल में सीखने और अपनी सामान्य ज्ञान संबंधी तैयारी को मजबूत करने का अवसर देना है। सीपी रायपुर की संचालक डॉ. श्यामली मुखर्जी नामदेव ने बताया कि यह मेगा इवेंट पूरी तरह निशुल्क रहेगा। इसमें शामिल होने के इच्छुक छात्र-छात्राएं 30 अक्टूबर तक संस्थान में संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।



नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं दीपक अग्रवाल पिता विष्णु दयाल अग्रवाल निवासी ए-45, आम्रपाली सोसाइटी, गंगा डायग्नोस्टिक के पास, पचपेड़ी नाका, रायपुर, जिला-रायपुर, पिन- 492001 (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम दीपक कुमार अग्रवाल रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम दीपक कुमार अग्रवाल पिता विष्णु दयाल अग्रवाल से ही जाना पहचाना जावे।

दीपक कुमार अग्रवाल
ए-45, आम्रपाली सोसाइटी, गंगा डायग्नोस्टिक के पास,पचपेड़ी नाका, रायपुर, जिला-रायपुर, (छ.ग.)
पिन 492001

न्यायालय तहसीलदार अभनपुर
मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः-जिला-रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.नं.-00026 गोतियारडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- **RD2026274416309000004**

// ईश्तहार //

तहसील अभनपुर के प.ह.नं. 00026 के अंतर्गत ग्राम गोतियारडीह के वर्तमान भूमिस्वामी जयवर्धन बघेल पिता/पति-चन्द्रिका प्रसाद बघेल पता-सा.देह, तारकेश्वर बघेल पिता/पति-चन्द्रिका प्रसाद बघेल पता- के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 445/4 (0.2840), 757/1 (0.1004), 448 (0.5000), 763/1 (0.0383), 445/2 (0.1100), 489 (0.0100), 1044/2 (0.4500), 482/1 (0.4880), 1034/1 (0.1600) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता तारकेश्वर बघेल पिता/पति-चन्द्रिका प्रसाद पता-बस्तीपारा, ग्राम गोयितारडीह तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/11/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/10/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदारः-SITA SHUKLA
तहसील-अभनपुर

खबर संक्षेप



रविवि ने फिर बढ़ाया परीक्षा शुल्क, भड़के छात्र

रायपुर। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा शुल्क में की गई वृद्धि के विरोध में बुधवार को एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने परीक्षा शुल्क में की गई वृद्धि को छात्र विरोधी निर्णय बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने तथा परीक्षा शुल्क को पिछले वर्ष के निर्धारित शुल्क के बराबर किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष वैभव मुजेवार के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन के दौरान छात्रों को पुलिस द्वारा बलपूर्वक रोका गया। इसके बाद छात्रों ने कुलपति के नाम कुलसचिव को ज्ञापन सौंपकर परीक्षा शुल्क में की गई वृद्धि को तत्काल कम करने एवं पूर्व निर्धारित शुल्क लागू करने की मांग की। छात्र नेता सौरभ नाग, उत्कर्ष खिलारी, लोमेश साहू, नीरज बंजारे, रेमन सिन्हा, वीरपाल कौर, रिश्ता, भूमिका, प्रभा, नताशा, आशीष, चूड़ामणि, प्रतीक सहित विभिन्न महाविद्यालयों के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

चैंबर उपाध्यक्ष लोकेश, जितेन्द्र डीआरयूसीसी के सदस्य नामित





रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के अंतर्गत डीआरयूसीसी के पुनर्गठन में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी की अनुशंसा पर चैंबर उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन और जितेन्द्र शादीजा को पुनः सदस्य के रूप में नामित किया गया है। यह मनोनयन 1 सितंबर 2026 से 31 अगस्त 2028 के लिए प्रभावी रहेगा। चैंबर परिवार ने रेलवे प्रशासन और शीर्ष नेतृत्व के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। मनोनयन के बाद आभार व्यक्त करते हुए नामित सदस्यों ने आश्वस्त किया है कि छत्तीसगढ़ के व्यापार, उद्योग एवं वाणिज्यिक समुदाय से जुड़े रेल उपयोगकर्ताओं की समस्याओं, मांगों और सुझावों को डीआरयूसीसी की बैठकों में प्रभावी और मजबूती के साथ रखा जाएगा।

सरजूबांधा तालाब गार्डन की व्यवस्था का आयुक्त ने किया निरीक्षण



रायपुर। नगर निगम जोन 6 क्षेत्र में स्थित सरजूबांधा तालाब के पास स्थित गार्डन की समस्या जानने नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने बुधवार को जोन 6 अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद प्रमोद कुमार साहू और रमेश सपहा से चर्चा कर गार्डन में जन सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्था सुधारने जोन 6 के अधिकारियों को निर्देशित किया।

ज्यादा सवारी के लालच में टाइमिंग मेंटेन करने स्पीड गवर्नर से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में सार्वजनिक गाड़ियों के एक्सीडेंट की जितनी घटनाएं सामने आई हैं, अनियंत्रित रफ्तार से उन गाड़ियों के एक्सीडेंट होने की बात सामने आई है। इसके अलावा कमर्शियल गाड़ी के मालिकों द्वारा स्पीड लिमिट डिवाइस या स्पीड गवर्नर के साथ छेड़खानी करने की बात सामने आई है। स्कूल बसों को छोड़ अन्य कमर्शियल गाड़ी के मालिकों द्वारा स्पीड गवर्नर के साथ छेड़खानी किए जाने की आशंका परिवहन विभाग के अफसरों ने जताई है।

कमनर्शियल के साथ सार्वजनिक परिवहन की गाड़ियों के लिए छत्तीसगढ़ में अधिकतम गति सीमा 80 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित है। इससे ज्यादा गति पर वाहन चलाए जाने पर जुर्माना का प्रावधान है। लंबी दूरी के लिए चलने वाली यात्री गाड़ी के मालिक सवारी बैठाने के साथ टाइमिंग मेंटेन करने स्पीड गवर्नर के साथ छेड़खानी करते हैं। गाड़ी मालिक फिटनेस जांच कराने के बाद स्पीड गवर्नर के तार को अलग कर देते हैं। इसके बाद वाहन चालक टाइमिंग मेंटेन करने निर्धारित गति से ज्यादा स्पीड में गाड़ी दौड़ाते हैं।

हरिभूमि सरोकार

आधुनिक गाड़ियों में छेड़खानी संभव नहीं

अभी की नई बीएस-6 की गाड़ियों में जो स्पीड गवर्नर लगकर आ रहे हैं, उनमें स्पीड गवर्नर सीधे गाड़ी के इंजिन कंट्रोल यूनिट (ईसीयू) से जुड़ा होता है, जो इंजन में जाने वाले ईंधन और हवा की सप्लाई को स्पीड गवर्नर नियंत्रित करता है। इन गाड़ियों के स्पीड गवर्नर में छेड़खानी करने पर मैसेज संबंधित कंपनी तक पहुंच जाएगा।



कराई जा रही है जांच

स्पीड गवर्नर की परिवहन विभाग नियमित जांच कर छेड़खानी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। ट्रैफिक पुलिस को भी अधिकृत कर स्पीड गवर्नर की जांच कराई जा सकती है। - **संजय शर्मा,** एआईजी ट्रैफिक

- स्पीड गवर्नर से छेड़खानी बन रहा एक्सीडेंट का कारण
- फिटनेस जांच के दौरान स्पीड गवर्नर को रखते हैं अपडेट

इस तरह करते हैं स्पीड गवर्नर से छेड़खानी

गाड़ी के गियरबॉक्स या पहियों में लगे स्पीड सेंसर से डेटा लेता है कि गाड़ी कितनी तेज चल रही है। मेकैनिक इन सेंसर के तारों को काट देते हैं, ढीला कर देते हैं या बीच में एक स्विच लगा देते हैं। जब सेंसर से कंप्यूटर तक स्पीड का सिग्नल ही नहीं पहुंचता, तो स्पीड गवर्नर को लगता है कि गाड़ी खड़ी है या बहुत धीरे चल रही है, जिससे लिमिटर काम करना बंद कर देता है। इसके अलावा बाजार में मिलने वाले कुछ अवैध इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स या परफॉर्मेंस चिप्स को गाड़ी के ओरिजिनल कंप्यूटर सिस्टम के साथ जोड़ दिया जाता है। ये चिप्स स्पीड गवर्नर तक जाने वाले सिग्नल को बदल देते हैं।

ऑनलाइन मॉनिटरिंग से रोका जा सकता है

सरकार और परिवहन विभाग डिजिटल और ऑनलाइन सॉफ्टवेयर आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लागू कर रहे हैं। इसमें स्पीड गवर्नर का डेटा सीधे सरकारी सर्वर (जैसे वाहन पोर्टल) से जुड़ा रहता है। यदि कोई इसे हटाता या तार काटता है, तो इसकी सूचना तुरंत विभाग को मिल जाती है। इसके अलावा परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम गाड़ियों के स्पीड मीटर की जांच कर छेड़खानी करने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है।

महतारी वंदन योजना में अनियमितता उजागर होने के बाद अपात्रों की आईडी ब्लॉक-होल्ड कर उनसे की जा रही वसूली

डेढ़ साल में 6.72 लाख की वसूली

शासकीय कर्मचारियों सहित अपात्र हितग्राहियों से की जा रही रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

घरेलू महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत एवं सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना में अनियमितता उजागर होने के बाद इस योजना का लाभ लेने वाले शासकीय कर्मचारियों सहित अपात्र हितग्राहियों से लाभ की राशि वसूल की जा रही है।

रायपुर जिले में ऐसे दो हजार से अधिक हितग्राहियों के नाम सामने आए थे, जिनकी आईडी होल्ड करते हुए जांच के दायरे में लिया गया था, लेकिन जांच के बाद सिर्फ 351 हितग्राही अपात्र पाए गए थे, जिनसे लगभग 12 लाख रुपए की वसूली होनी है। इसमें से अभी तक 189 अपात्र हितग्राहियों से कुल 6.72 लाख रुपए की वसूली हुई है, वहीं अभी भी 162 अपात्र हितग्राहियों से 4.75 लाख रुपए वसूली होनी बाकी है। विभागीय अधिकारी के अनुसार वसूली की कार्रवाई जारी है।

राशि की वसूली कर रहे : अपात्र हितग्राहियों से लाभ की राशि की वसूली की जा रही है। अभी तक 6.72 लाख रुपए की वसूली कर ली गई है। शेष हितग्राहियों से वसूली की कार्रवाई जारी है।
- **शैल ठाकुर,** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, रायपुर


राज्य के बाहर रहने वाली महिलाएं भी योजना का उठा रही फायदा

महतारी वंदन योजना का शासकीय कर्मचारी थोक में उठा रहे लाभ, इनमें पत्नी-बेटी भी

1823 डुप्लीकेट एवं 29 के दस्तावेजों में मिली थी कमी: आंकड़ों के अनुसार प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में जिले में 1823 हितग्राहियों की डुप्लीकेट एंट्री पाई गई थी, वहीं 29 हितग्राहियों के दस्तावेजों में कमी मिली थी। इसके अलावा 45 हितग्राहियों ने योजना को त्यागा था। इस तरह इन सभी हितग्राहियों की आईडी को भी होल्ड किया गया था। विभागीय अधिकारी के अनुसार ये सभी की आईडी अभी तक होल्ड है।

प्रारंभिक जांच में 128 शासकीय सेवक व उनके रिश्तेदार हितग्राही पाए गए

लगभग डेढ़ साल पूर्व महतारी वंदन योजना में बरती गई अनियमितता उजागर हुई थी। प्रारंभिक जांच में पाया गया था कि रायपुर जिले में 128 शासकीय सेवक व उनके रिश्तेदार भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। इनमें सेवा दे रही 42 महिलाओं के साथ 78 शासकीय पुरुषों की पत्नी एवं 6 बेटी शामिल हैं। इसके अलावा 2 पेंशनधारी महिलाएं भी हैं, जो रिटायरमेंट के बाद इस योजना का लाभ ले रही थीं। इन सभी की आईडी ब्लॉक करते हुए उनसे लाभ की राशि वसूली गई है।

मृत्यु होने के बाद भी 1970 हितग्राहियों के खाते में ट्रांसफर हो रही थी राशि

इस योजना का लाभ लेने वाली पात्र महिलाओं में बहुतों की मृत्यु होने के बाद भी उनके खातों में यह राशि ट्रांसफर हो रही थी। जांच में ऐसी 1970 हितग्राहियों के नाम सामने आए थे। इन सभी की आईडी को होल्ड कर भौतिक सत्यापन किया गया, लेकिन इसमें कितनी महिलाएं जीवित एवं कितनी मृत मिलीं, इसका आंकड़ा अभी तक सार्वजनिक नहीं हुआ है।

5.35 लाख से ज्यादा हितग्राही : जिलेभर में महतारी वंदन योजना अंतर्गत लगभग 5.35 लाख हितग्राही पंजीकृत हैं। इन सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। महंगाई के इस दौर में योजना की यह राशि महिलाओं को काफी राहत पहुंचा रही है।

मोबाइल नंबर बंद-बदला ठिकाना, इसलिए रिकवरी में देर

विभागीय अधिकारी के अनुसार अपात्र हितग्राहियों में बहुतों का मोबाइल नंबर बंद बता रहा है, वहीं बहुतों ने ठिकाना बदल दिया है। इसके कारण वसूली करने में दिक्कत आ रही है। जानकारी के अभाव में योजना का लाभ उठा रहे शासकीय सेवकों से वसूली लगभग पूरी कर ली गई है।

ऐसे अपात्र हितग्राही भी उठा रहे थे योजना का लाभ

महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के आंकड़ों के अनुसार अपात्र हितग्राहियों में इंकम टैक्सधारी 29, 21 वर्ष से कम आयु के 5, अविवाहित 11, पुरुष हितग्राही 7 तथा राज्य से बाहर रहने वाले 4 महिलाओं के नाम भी थे। इन सभी ने भी कई महीनों तक योजना का लाभ उठाया है, जिनसे रिकवरी की जानी है।

पटवारियों ने काले कपड़े पहनकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ राजस्व संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के पटवारी पीवी एप की व्यवहारिक व तकनीकी समस्याओं का निराकरण करने, पदोन्नति देने और वेतन विसंगति दूर करने सहित अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। बुधवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर रायपुर जिला शाखा के पटवारियों ने काले कपड़े पहनकर काला दिवस मनाया। वे पीवी ऐप की जगह भुइंया एप से गिरदावरी कराने की मांग कर रहे हैं। अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदेशभर के पटवारी काम ठप कर 13 अक्टूबर से बेमियादी धरने पर बैठे हैं।

राजस्व पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष भागवत कश्यप ने बताया कि डिजिटल एप के माध्यम से कराए जा रहे फसल के भौतिक सत्यापन कार्य में आ रही विभिन्न व्यवहारिक व तकनीकी समस्याओं को लेकर पूर्व में शासन और विभाग को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया था, इसके बावजूद आज तक उनकी समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं किया गया, जो अत्यंत खेदजनक है। श्री कश्यप ने कहा कि वर्तमान में खेत में पानी भरा हुआ है, ऐसे समय में पीवी ऐप से फसल गिरदावरी कार्य कराना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। फसल कटाई के बाद इस पर कार्य किया जा सकता है। खरीफ फसल की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करानी है तो पूर्व की तरह ऑनलाइन भुइंया पोर्टल के माध्यम से गिरदावरी कराई जाए।

कनिष्ठ प्रशासनिक संघ ने किया पटवारियों की मांग का समर्थन

पटवारी संघ के आंदोलन को कनिष्ठ प्रशासनिक संघ का समर्थन मिला है। गत दिनों प्रशासनिक संघ के प्रांताध्यक्ष तोखन टोंडे ने अपने साथियों के साथ पटवारियों की मांग को जायज बताते हुए आंदोलन का समर्थन किया। आंदोलन कर रहे प्रदेशभर के पटवारियों का कहना है, जब तक उनकी लंबित मांगों पर शासन ध्यान नहीं देता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

महिला आयोग ने 28 प्रकरणों में की सुनवाई, 7 मामलों में दिया आदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ममता साहू एवं सदस्यों की टीम ने जिला रायपुर के 50 प्रकरणों में 28 प्रकरण में सुनवाई की है, जिनमें से 6 में आदेश जारी कर निराकरण भी किया है।

आयोग अध्यक्ष ने बताया कि उनके द्वारा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद रायपुर जिले से 50 प्रकरण आए, जिनमें से 28 प्रकरणों में सुनवाई कर ली गई है तथा 7 प्रकरण नस्तीबद्ध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन प्रकरणों में सुनवाई हुई है, उनमें एक मामले में अनावेदक ने आवेदिका को 4 नवंबर को एकमुश्त 5 लाख रुपये देने की सहमति दी। आवेदिका 31 अक्टूबर को महिला पुलिसकर्मी एवं सखी वन स्टॉप सेंटर की टीम के साथ ससुराल से अपना सामान ले सकेगी। एक अन्य प्रकरण में संपत्ति विवाद में ग्राम बिरकोनी स्थित 2 एकड़ खेत और छेरीखेड़ी स्थित मकान का एक माह में आवेदिका के नाम पंजीयन कराने तथा बच्चों का टीसी दिलाने के निर्देश दिए गए हैं। एक घरेलू विवाद मामले में आवेदिका को विधिक सहायता से अधिवक्ता उपलब्ध कराने के निर्देश देकर प्रकरण नस्तीबद्ध किया है, साथ रहने की सहमति वाले मामले में अनावेदक को मारपीट न करने और आवेदिका को प्रतिमाह 5 हजार रुपये देने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण की शिकायत पर आयोग के निर्देशानुसार टिकरापारा थाने में अनावेदक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 64(2)(m) तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराध दर्ज हुआ। अन्य तीन प्रकरणों में अनावेदकों की अनुपस्थिति पर आगामी सुनवाई में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। सुनवाई में संभाग प्रभारी सदस्य सरला कोशरिया, ओजस्वी मंडावी उपस्थित रही। सुनवाई के दौरान रायपुर संभाग प्रभारी मंजू थदानी, डीएसपी स्नेहा आकाश राव, महिला थाना प्रभारी मौर्य, सखी वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर नीति सिंह, संरक्षण अधिकारी प्रीति पाण्डेय सहित आयोग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर



स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 03 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411

21 हजार मिट्टी के दीये बांटकर बढ़ाया स्थानीय कारीगरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



कैट छत्तीसगढ़ की युवा इकाई ने दीपावली पर्व से पूर्व बुधवार को जयस्तंभ चौक पर लोगों को 21 हजार मिट्टी के दीए वितरित कर स्थानीय कारीगरों का संबल बढ़ाया। इस पहल के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करने तथा भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का संदेश दिया गया।

युवा कैट छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष कांती पटेल, प्रदेश महामंत्री रतनदीप सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कुम्हारों एवं मिट्टी के दीये बनाने वाले कारीगरों के परिश्रम को सम्मान देना तथा उनके उत्पादों को प्रोत्साहित कर उन्हें आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान करने के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने आम नागरिकों और सभी व्यापारियों से अपील की कि वे इस दीपावली पर विदेशी एवं कृत्रिम सजावटी उत्पादों के स्थान पर मिट्टी के पारंपरिक दीयों को प्राथमिकता दें।

हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



04

एक्ने से लेकर टैनिंग की समस्या....

सिटी इवेंट

विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, धर्म, संस्कृति व सामान्य ज्ञान की भावना की जागृत



रायपुर। भारत विकास परिषद् द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'भारत को जानो प्रतियोगिता-2026' का आयोजन किया गया। यह आयोजन बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर देवेंद्र नगर में आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र-प्रेम, धर्म, संस्कृति एवं सामान्य ज्ञान की भावना जागृत करना रहा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यालय-स्तरीय लिखित परीक्षा में चयनित जूनियर वर्ग के 2-2 एवं सीनियर वर्ग के 2-2 मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी टीमों के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारत विकास परिषद् के प्रांतीय अध्यक्ष विनोद अग्रवाल एवं प्रांतीय महासचिव मुरारी काबरा शामिल हुए। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रकल्प विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उन्हें भारतीय मूल्यों से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होते हैं। इसके उपरांत संस्कार सह प्रमुख राजेश सिंघल ने 'भारत को जानो' प्रकल्प के उद्भव, उद्देश्य एवं प्रकलन पर विस्तृत प्रकाश डाला। शाखा अध्यक्ष सुशील अग्रवाल ने सभी विद्यालयों से ऐसे राष्ट्रीय प्रकल्पों में निरंतर भागीदारी का आह्वान किया। अतिथियों के सम्मान के पश्चात पारदर्शी व्यवस्था हेतु लकी ड्रॉ के माध्यम से टीमों का नंबर चयन किया गया।

कार्यक्रम में इनकी रही भागीदारी

कार्यक्रम में क्षेत्रीय महिला संयोजिका पिंकी अग्रवाल, शाखा कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं रायपुर शाखा से पधारे पवन कुमार गौड़, आशीष अग्रवाल, प्रतियोगिता के पारदर्शी व निष्पक्ष मूल्यांकन निर्णायक मंडल में डॉ. तुषार बंसल, संपर्क प्रमुख अनुपम सिंह एवं संस्कार सह संयोजक राजेश सिंघल ने भागीदारी निभाई।

● सारंग टीम के पायलट सदस्यों ने साझा किए भारतीय वायुसेना के अनुभव

एयरफोर्स में स्किल, एक्सपीरियंस और कमिटमेंट जरूरी फिर आसमान की हर उड़ान कराती है गर्व की अनूभूति

छत्तीसगढ़ राज्य के 26वें स्थापना दिवस को भारतीय वायुसेना के विश्व प्रसिद्ध 'सारंग' हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम यादगार बनाएंगी। नवा रायपुर का आसमान भारतीय वायुसेना के पराक्रम और स्वदेशी ताकत का गवाह बनेगा। वायुसेना की विश्व प्रसिद्ध 'सारंग' हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम 2 2 नवंबर को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक सेंध झील क्षेत्र के ऊपर एक भव्य और हैरतअंगेज एयर शो का प्रदर्शन करेगी।



रायपुर। यह अनोखा प्रदर्शन दर्शकों, विशेषकर बच्चों और युवाओं के लिए बेहद रोमांचक होने वाला है। इस ऐयर शो का दीदार करने लाखों की संख्या में लोग इस अद्भुत क्षण को अपने यादों में संजोने जुटेंगे। इस हवाई प्रदर्शन का सबसे मुख्य आकर्षण तब होगा, जब टीम के 5 स्वदेशी एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर 'ध्रुव' हवा में एक साथ उड़ान भरकर आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाएंगे। वायुसेना का यह अदम्य साहस और कठोर अनुशासन प्रदेश के युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होकर राष्ट्रसेवा करने के लिए प्रेरित करेगा। सारंग टीम पूरी तरह से भारत में निर्मित 'ध्रुव' हेलिकॉप्टरों का उपयोग करती है, जो देश की आत्मनिर्भरता और मजबूत तकनीकी क्षमता का प्रतीक हैं। ग्रुप कैप्टन अभिजीत कुमार के नेतृत्व में होने वाले इस एयर शो में पायलटों की विंग कमांडर देबथों धर, स्क्वाड्रन लीडर अजीत सिंह, स्क्वाड्रन लीडर अंकिता और स्क्वाड्रन लीडर अक्षया जैसे जांबाज अफसर शामिल हैं। सारंग टीम का हर एक डिस्प्ले केवल कलाबाजी नहीं, बल्कि वायुसेना की बेजोड़ सटीकता, अनुशासन और पेशेवर टीम वर्क को दुनिया के सामने प्रदर्शित करेगा। इस ऐतिहासिक ऐयर शो में भाग ले रहे सारंग टीम के पायलट सदस्यों ने हरिभूमि की टीम से भारतीय वायु सेना की अपनी यात्रा के अनुभव, सपने और चुनौतियों को साझा किया।

छत्तीसगढ़ की बेटियों को भी प्रेरित करूंगी

सारंग टीम की महिला पायलट स्क्वाड्रन लीडर अंकिता ने बताया कि उनका बचपन से ही पायलट बनने का सपना रहा। इस सपने को साकार करने के लिए वह जी जान से जुटी रही और आखिरकार पायलट बनने का सपना साकार हुआ। हैदराबाद में ट्रेनिंग के दौरान पहली बार आकाश में उड़ान के दौरान धरती का अद्भुत दृश्य आज भी तरोताजा है, जो हर उड़ान के लिए मेरे अंदर उत्साह, रोमांच भर देता है। रायपुर में एयर शो को देखर छत्तीसगढ़ की बेटियों को भी आसमान में उड़ने की सपने को साकार करने की प्रेरित करूंगी।

कॉलेज में तय किया एयरफोर्स ज्वाइन करूंगा

सारंग टीम की विंग कमांडर वीर ने बताया कि पिताजी नेवी अफसर रहे हैं। ऐसे में स्वाभाविक तौर पर बचपन से ही देश की सेना के लिए जज्बा रहा। जब कॉलेज में आया तो यह चाहत जुनून में बदल गया और एयरफोर्स में जाने को ठाना। इसके लिए एग्जाम की तैयारियां की फिर मेरा सलेक्शन एयरफोर्स के लिए हुआ। अब तक भारतीय वायु सेना में एक विंग कमांडर के तौर पर मेरे लिए सबसे चैलेंजिंग लेह लद्दाख में इयूटी के दौरान ट्रीकी हेलीपैड रहा। लेह-लद्दाख और सियाचिन ग्लेशियर जैसे अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में हेलीपैड पर लैडिंग और टेक-ऑफ करना दुनिया के सबसे मुश्किल सैन्य ऑपरेशंस में से एक माना जाता है। एविएशन में करियर बनाने के लिए स्किल, एक्सपीरियंस और कमिटमेंट बहुत जरूरी है।



भिलाई में स्कूलिंग, आज सारंग टीम का हिस्सा

सारंग टीम की क्वाड्रन लीडर अजित ने छत्तीसगढ़ से जुड़े अपने यादों को ताजा करते हुए बताया कि उनकी स्कूलिंग की पढ़ाई भिलाई में हुई है। वह राजस्थान का रहने वाला है, लेकिन उनके पिता जी की भिलाई में पोस्टिंग के दौरान छत्तीसगढ़ में रहा और पढ़ाई किया। इसी दौरान एयरफोर्स की तैयारी किया और सलेक्शन के बाद भारतीय वायु सेना ज्वाइंन किया। वायुसेना में शामिल होना देश के हर युवा के लिए गर्व की बात है। इसी गर्व को मैं अपने हर उड़ान के साथ महसूस करता हूं और रोज जीता हूं।

सुबह 11 बजे शुरू होगा रोमांच का सफर

नवा रायपुर के सेंध झील के पास यह भव्य एयर शो 2 नवंबर को सुबह 11:00 बजे से शुरू होगा। तीन दिवसीय राज्योत्सव के दौरान होने वाला यह अनोखा प्रदर्शन दर्शकों, विशेषकर बच्चों और युवाओं के लिए बेहद रोमांचक होने वाला है। रायपुर जिला प्रशासन और वायुसेना के आला अधिकारियों ने मिलकर सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, आपातकालीन सेवाओं और दर्शकों के बैठने की उत्तम व्यवस्था की तैयारी पूरी कर ली है ताकि लाखों की संख्या में जुटने वाले लोग इस यादगार पल का सुरक्षित आनंद ले सकें।

सिटी इवेंट

छत्तीसगढ़ के 25 उत्कृष्ट कृषक किसान रत्न सम्मान से अलंकृत



रायपुर। मनहरण लाल पाण्डेय स्मृति संस्थान द्वारा उनकी 88वी जयंती पर किसान रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन सर्किट हाउस के कन्वेंशनल हाल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के 5 संभागों के 25 कृषकों को उत्कृष्ट किसान रत्न सम्मान से अलंकृत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री साय ने इस आयोजन की सराहना करते हुए पूर्व गृहमंत्री एवं सांसद रहे स्व. मनहरण लाल पाण्डेय को याद किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनसे जुड़े कई संस्मरण साझा करते हुए उन्होंने कहा कि दो कार्यकाल में हम एक साथ विधायक रहे। पाण्डेय जी कृषकों के हितो एवं हर खेत तक पानी पहुंचे इसकी चिंता करते थे। अरपा भैसाझार उनके ही प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने साथ ही अपनी सरकार की किसानों एवं उनके के हित की भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराया तथा किसानों को छत्तीसगढ़ की विकास की धुरी बताया। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा की कई दशकों के संघर्षो के साक्षी पाण्डेय जी रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह ने मनहरण लाल पाण्डेय को महामानव बताया और कहा की उन्होंने पूरा जीवन राष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ अंचल की सेवा में लगा दिया।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डे, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, राम गर्ग प्रदेश कोषाध्यक्ष, मितुल कोठारी, प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा आलोक सिंह ठाकुर, तौकीर राजा, ओम प्रकाश देवांगन, राकेश शर्मा, रविश गुप्ता, जयप्रकाश शर्मा, संजय खंडेलवाल, विनीता पाण्डेय, डॉ. नम्रता शर्मा एवं डॉ. शैल शर्मा एवं स्व. पांडेय की धर्मपत्नी निर्मला पाण्डेय की उपस्थिति रही।



इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में बिलासपुर संभाग से तोश राम राठौर, बृजलाल सिंह राठौर, उत्तरी बाई, यश मिश्रा, नरेन्द्र पटेल, डॉ. विनय गुप्ता, सरगुजा संभाग से मिलिन्द राज सिंह, रोशन लाल अग्रवाल, धरमलाल ढाढा, लक्ष्मन बंजारा, दुर्ग संभाग से शिव कुमार चंद्राकर, कमलेश सिंह राजपूत, कृष्णा चंद्राकर, परशूराम मंडावी, छत्रपाल देशमुख, रायपुर संभाग से तुलसी राम पटेल, सोबरन सिंह, खीर सागर पटेल, अरुण साव, मनीष शर्मा, मुकेश चौधरी, आत्मबोध अग्रवाल, बस्तर संभाग से रामसाय मरकाम, विजय मंडावी, तरुण साहा, मंगलू राम नरेटी रहे।

छात्राओं ने शिक्षिकाओं की हथेलियों पर सजाई पारंपरिक अरेबिक राजस्थानी मेहंदी डिजाइन

कालीबाड़ी स्थित प्रतिष्ठित गुरुकुल महिला महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता का आयोजन छात्राओं की सृजनात्मकता एवं कलात्मक कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी अंशिका दुबे एवं सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।



रायपुर। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों की छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। छात्राओं ने अपनी हथेलियों पर पारंपरिक, अरेबिक, राजस्थानी एवं आधुनिक डिजाइनों की आकर्षक व मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस आयोजन का विशेष आकर्षण तब देखने को मिला जब छात्राओं ने बड़े ही स्नेह और आत्मीयता के साथ अपनी शिक्षिकाओं की हथेलियों पर भी खूबसूरत मेहंदी सजाई, जिससे पूरा वातावरण उल्लासमय हो गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका डॉ. वंदना अग्रवाल एवं डॉ. दीपशिखा शर्मा ने निभाई। उन्होंने बारीकी, स्वच्छता, रचनात्मकता और कलात्मकता के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। निर्णायक मंडल ने छात्राओं के हुनर और कल्पनाशीलता की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्राओं में छिपी रचनात्मकता, सौंदर्यबोध और आत्मविश्वास का विकास होता है।

प्रतियोगिता के यह रहे विजेता

मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीएससी कम्प्युटर साइंस की छात्रा सुमन यादव रही। वहीं द्वितीय स्थान पर बीकॉम की छात्रा दरक्षा फातिमा, तृतीय स्थान पर बीएससी कम्प्यूटर साइंस की छात्रा रीना साहू रही। इसके अलावा प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार बीएससी कम्प्युटर साइंस की छात्रा निर्जला यादव का प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. संध्या गुप्ता द्वारा सभी विजेता छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

औषधीय पौधों का मानव स्वास्थ्य में महत्व, वैज्ञानिक अनुसंधान को जाना

रायपुर। साइंस कॉलेज स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में औषधीय पौधे प्राचीन ज्ञान और सतत मानव स्वास्थ्य के बीच सेतु विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य औषधीय पौधों के पारंपरिक ज्ञान, आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान में उनकी उपयोगिता तथा मानव स्वास्थ्य के संरक्षण एवं संवर्धन में उनकी भूमिका को रेखांकित करना रहा। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में डॉ. पीके पात्रा, कुलपति पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उद्घाटन सत्र में औषधीय पौधों के महत्व, भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों तथा आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से उनके प्रभावी उपयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया।



कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

संगोष्ठी के समापन समारोह में डॉ. पीके. जोशी प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, डॉ. डीके सिन्हा कुलसचिव पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, डॉ. अमिताभ बनर्जी प्राचार्य शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय उपस्थिति रहे।

एआईडीए नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार- 2026 के विजेताओं की घोषणा

शास्त्रीय कला के मंच पर प्रतिभा का सम्मान विजेताओं के चेहरे पर छाईं खुशियों की मुस्कान

कार्नर न्यूज

ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित एआईडीए नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार एवं नृत्यानंदलहरी महोत्सव-2026 के विजेताओं का घोषणा हुआ। गांधी चौक स्थित रंगमंदिर में आयोजित 12 दिवसीय महोत्सव में भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी, ओडिसी सहित विभिन्न भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन किया।



रायपुर। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए प्रतिभागियों की भागीदारी इस आयोजन को राष्ट्रीय सांस्कृतिक एकता का महत्वपूर्ण मंच के रूप में स्थापित किया। इसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कलाकारों को मानद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही महोत्सव में नृत्य के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, साधना और उत्कृष्ट प्रदर्शन से पहचान बनाने वाले कलाकारों को एआईडीए नटवर गोपीकृष्ण पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि एआईडीए का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत की समृद्ध परंपरा को प्रोत्साहित करना, प्रतिभाशाली कलाकारों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना तथा गुरु-शिष्य परंपरा को सशक्त बनाना है।

यह पुरस्कार कलाकारों की निरंतर साधना, समर्पण और भारतीय कला-संस्कृति के प्रति उनके योगदान का सम्मान है।

विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना

इस अवसर पर एआईडीए के निदेशक डॉ. जी रतीश बाबू ने सभी मानद पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं एवं विजेताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कलाकारों की उपलब्धियां भारतीय शास्त्रीय कलाओं के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। एआईडीए भविष्य में भी कलाकारों को प्रोत्साहित करने और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इन कलाकारों व प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

महोत्सव में मानद पुरस्कार मालिका पाणिक्कर, वाईजी मधुवंती, देवी चंदना को प्रदान किया गया। वहीं एआईडीए नटवर गोपीकृष्ण पुरस्कार 2026 के विजेता पुरस्कार कैलाश साहू, मेघना पवार, शार्वी सिंह, प्रिया भगत, साई निवेधा, दिया नायर, सृष्टि भसीन, शिवम शर्मा, साई संजना रेड्डी, साई सौम्या, मालविका नायर, सर्वश्री मदन को प्रदान किया गया।

समाज लाइव

कृष्णजी प्रेम हैं और प्रेम ही कृष्ण है : संकर्षण शरण महाराज



गुरुदेव के श्रीमुख से कथा श्रवण, लिया आशीर्वाद

रायपुर। मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट भारत वर्ष के संयोजन में आयोजित त्रिदिवसीय गीता ज्ञान अमृत वर्षा में कथा के द्वितीय दिवस बुधवार को गुरुदेव संकर्षण शरण महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालुओं ने गीता का श्रवण किया। गुरुदेव ने गीता के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवन जीने की कला के बारे में बताया। गुरुदेव ने कथा के दौरान कहा कि कृष्णजी प्रेम हैं और प्रेम ही कृष्ण है। भगवान के कोई माता-पिता नहीं हैं, ईश्वर प्रेम से प्रकट होते हैं। जिस तरह परमात्मा अनंत हैं, उसी तरह प्रेम भी अनंत है। गुरुजी ने भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन की कथा के माध्यम से बताया कि यदि ईश्वर को प्राप्त करना है और वास्तव में ईश्वर के दर्शन करने हैं तो सबसे पहले चिंता को त्यागकर चिंतन कीजिए। ईश्वर का, ईश्वर की लीलाओं का और गुरुवाणी का चिंतन कीजिए। गुरुदेव कहते हैं कि जो व्यक्ति जितना अधिक चिंतन करता है, वह उतना ही भगवान से जुड़ा हुआ होता है। वहीं जो व्यक्ति चिंता में लगा रहता है, वह सांसारिक आडंबरों में फंसकर रह जाता है और ईश्वर से दूर हो जाता है।

बुधवार को मौसम खराब होने के बाद भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथास्थल पहुंचे और कथा का श्रवण किया। अंत तक कथास्थल 'जय श्रीकृष्ण' के जयकारों से गुंजायमान रहा। गुरुजी के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा कथास्थल पहुंचीं, जहां उन्होंने भी गुरुदेव के श्रीमुख से कथा का श्रवण किया और आशीर्वाद लिया। कथा में भी आरती के उपरांत संस्था द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वासुदेव मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से आए डॉक्टरों के माध्यम से कथा में पधारे भक्तों ने स्वास्थ्य लाभ एवं परामर्श प्राप्त किया। संस्था की मीडिया प्रभारी कल्पना शुक्ला ने बताया कि गुरुवार को इस त्रिदिवसीय कथा का अंतिम दिवस होगा। साथ ही 30 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे हवन के साथ कथा का समापन होगा।

● खाटू श्याम मंदिर सहित कॉलोनी और सोसायटियों में महिलाएं मनाएंगी पूजा उत्सव

करवा चौथ : पति की दीर्घायु कामना के लिए सुहागिन रखेंगी निर्जला व्रत, शाम 5.45 से पूजा का मुहूर्त

सुहाग दीर्घायु रहे, इसकी कामना करने के लिए सुहागिने गुरुवार को करवा चौथ व्रत नियम का पालन करने निर्जला व्रत रखेंगी। इसको उत्सव का रूप देने के लिए हर साल की तरह श्री श्याम खाटू मंदिर सहित सामाजिक भवनों, कॉलोनियों और सोसायटियों में इस साल भी करवा चौथ पूजा उत्सव की तैयारी है। संस्थाओं और समाज से जुड़ी महिलाओं ने बुधवार की शाम तक इंवेट के लिए स्थान और थीम को अंतिम रूप दिया। करवा चौथ व्रत करने वाली सुहागिनों को शाम को 5.45 से पूजा करने के लिए शुभ मुहूर्त मिलेगा।



अखंड सौभाग्य के लिए करती हैं निर्जला

करवा चौथ व्रत कार्तिक कृष्ण चतुर्थी व्रत 29 अक्टूबर गुरुवार को मनाया जाएगा। इस बार पूजा मुहूर्त शाम 05:45 से 07:05 बजे तक शुभ है। चंद्रोदय का समय रात 08:13 बजे है। इसलिए रात 8.13 के बाद चन्द्रमा को अर्घ्य देने के बाद चांद देखकर व्रत खोला जाएगा। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि यह व्रत हरतालिका तीज के समान ही सुहागिन महिलाओं का सबसे बड़ा निर्जला व्रत है। सुहागिने पति की लंबी उम्र, स्वस्थ जीवन और अखंड सौभाग्य के लिए यह व्रत रखती है। इसमें सुबह सास बहू को सूर्योदय से पहले भोजन, श्रृंगार का सामान देती है। इसे लेने के बाद सुहागिने दिनभर निर्जला व्रत रखती है। शाम को स्वच्छ वस्त्र धारण करके मेंहदी, आलता लगाकर चौकी में कलश, करवा माता, शिव-पार्वती, गणेश और चंद्रमा की पूजा करके कथा सुनती हैं। चांद निकलने पर छलनी से पहले चांद, फिर पति को देखकर चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोलते हैं।

पंजाबी सनातन सभा महिला मंडल की पहल

छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा की महिला मंडल और युथ विंग की संयुक्त पहल पर इस बार गुरुवार को जोरा स्थित पंजाब केसरी भवन के एसी हॉल में महिलाओं को समूह में करवा चौथ पर पूजा करने का अवसर देने के लिए अल्का मोदी, प्रिया टावरे और विभूति अरोरा ने तैयारी की है। 20-20 के समूह में दोपहर से शुरू होने वाले इस आयोजन को खास बनाने के लिए पूजा में शामिल होने कई समूहों ने शामिल होने की जानकारी दी है। इसमें अलग-अलग थीम बेस्ट लकी ड्रा भी किए जाएंगे। समाज की महिलाओं को संस्कारों से जोड़ने का दायित्व सनातन सभा की वरिष्ठ महिलाएं निभाती है, जिससे परंपराओं का क्रम आगे भी चलता रहे।

क्लब हाउस में भव्य आयोजन

अमलीडीह स्थित गोल्डन टावर के क्लब हाउस में इस साल भी सामूहिक रूप से करवा चौथ पूजा के लिए तैयारी है। शाम को साढे चार बजे से चांद निकलने के बीच सेलिब्रेशन किया जाएगा। रिंकी पुरोहित ने बताया कि इसमें करीब 30 महिलाएं शामिल होती है। इस बार उत्सव को खास बनाने के लिए पूजा-अर्चना की व्यवस्था के साथ ही सुहागिनों के बीच अलग-अलग मनोरंजक गेम्स भी आयोजित किए जाएंगे। इसमें वितेजाओं को कई केटेगरी में प्रोत्साहित भी किया जाता है। इसके लिए महिलाओं ने आपसी संवाद के जरिए जिम्मेदारी भी तय की है, ताकि करवा चौथ पर विधिवत पूजा अर्चना का अवसर मिल सके।

रायपुर। समता कालोनी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में गुरुवार को श्याम सत्संग महिला मंडल द्वारा पारंपरिक अंदाज में करवा चौथ पूजा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। पूजा उत्सव में शामिल होने वाली महिलाओं के बीच नई बहुओं को परंपरा से जोड़ने के लिए उनसे श्रृंगार सामग्री की थाली एक दूसरे को भेंट करवाने की परंपरा भी निभाई जाएगी। ज्योति अग्रवाल ने बताया कि पारंपरिक परिधान,सोलह श्रृंगार को लेकर प्रतियोगिताएं भी होंगी। पूजा उत्सव के बीच में मंडल से जुड़ी वरिष्ठ महिलाएं नई पीढ़ी की बहुओं को परिवार, समाज और संस्कार की जानकारी साझा करेंगी। इसके बाद निर्धारित समय पर शाम को महिलाएं समूह में पूजा के साथ सामाजिक रस्मों को निभाएंगी। अवसर को खास बनाने के लिए गेम्स भी होंगे।

सिटी लाइव

विद्यार्थियों ने किया विधानसभा और औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण



शैक्षणिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव

रायपुर। महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए व्यवहारिक ज्ञान एवं अनुभव आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण क्षेत्र का भ्रमण करवाया गया। कॉलेज के कला एवं मानविकी विभाग के विद्यार्थियों सहित प्राध्यापकों के साथ नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यप्रणाली, संसदीय प्रक्रियाओं तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था। इस अनुभव के माध्यम से विद्यार्थियों को कक्षा में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक प्रशासनिक एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जोड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। इसी क्रम में कॉलेज के बीबीए पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में तिल्दा स्थित एक पावर प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया।

विद्यार्थियों ने इस भ्रमण के माध्यम से औद्योगिक कार्यप्रणाली एवं ऊर्जा उत्पादन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। इन दोनों ही भ्रमण ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने तथा अपने विषयों की वास्तविक उपयोगिता को समझने का अवसर प्रदान किया। यह सफल आयोजन कॉलेज की प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी के समग्र सहयोग, उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी के अनुमोदन एवं मार्गदर्शन के साथ ही शिवांगी मिश्रा और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक शिखा राजपूत के निर्देषन में पूर्ण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मन में उठते सवाल करते हुए प्राध्यापकों एवं विशेषज्ञों का जवाब भी प्राप्त किया।

टूटते परिवार के भयावह स्वरूप को देखकर हमें भावी पीढ़ी दोष देगी, समाज ने भी जताई चिंता

टूटते परिवार से वह स्थिति बन रही है, जब पति-पत्नी, माता-पिता और बच्चों या परिवार के अन्य सदस्यों के बीच आपसी संबंध, प्रेम, विश्वास और सामंजस्य बिगड़ रहे हैं। चरम सीमा तक तनावपूर्ण वातावरण निर्मित हो जाते हैं। इससे परिवार की एकता, उसकी सामान्य संरचना समाप्त होने लगती है। आज मामा, मौसी, काका और बुआ जैसे रिश्ते खत्म होते जा रहे हैं। इसमें कहीं न कहीं एकल परिवार में पली बढ़ी युवा पीढ़ी का कैरियर बनाने के जुनून पर इसका दारोमदार टिका है।



लोगों को कंफर्ट जोन से बाहर निकालना होगा

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी शिशु जन्म के दौरान अपने प्रसव पीड़ा के एहसास मात्र से दूसरे बच्चे का ख्याल मन से निकाल देतीं हैं। कुछ तो कैरियर को ज्यादा महत्व देते हुए बच्चा नहीं चाहते हैं। कुनबी समाज से कृष्ण कुमार ब्राह्मणकर और सारिका गेडेकर ने कहा कि बच्चों को अपने परिवार और समाज के लिए कंफर्ट जोन से बाहर निकालना होगा। बच्चे अपने कैरियर की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। उनको समझाने की जिम्मेदारी हमारी है। कैरियर का अपना महत्व है, लेकिन परिवार और परिवारजनों की अपनी अलग जरूरत है। क्योंकि कैरियर में सफलता के साथ सारे सुख मिल जाए, यह जरूरी नहीं। मानसिक सुख परिवारजनों के साथ ही मिलता है।

जहां उन्हें कोई समझाने वाला नहीं होता

आयुषी विठ्ठालकर और गुणवंत राव घाटगे ने कहा कि पहले जॉइंट फैमिली होती थी, तो लोग आपस में भावनात्मक रूप से जुड़े होते थे। आज एकल परिवार की परिपाटी के कारण लोग कंफर्ट जोन की तलाश करते हैं। जहां उन्हें कोई समझाने वाला नहीं होता है। कई बार मां-बाप से डांट पड़ने पर काका, बुआ, मामा और मौसी बच्चों को अच्छे और बुरे के बारे में समझाती है। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। बच्चे मोबाइल और एआई की दुनिया में खो जाते हैं। मोबाइल भी आपको आपकी पसंद, सोच और मानसिक स्थिति के अनुसार ही वीडियो दिखाता है। इससे आप अधिक अवसाद में चले जाते हैं।

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल में आयोजित मराठी सोहळा (मेला) में मराठी समाज के नागरिक संवाद में प्रबुद्धजनों ने इस संदर्भ में चिंता व्यक्त की।

कहा कि 'परिवार विघटन और खत्म होते रिश्तों का भयावह स्वरूप देखकर भावी पीढ़ी हमें दोष देगी। इसलिए समय रहते इस ओर कदम हमें ही बढ़ाना होगा। मंडल के सचिव चेतन दंडवते ने कहा कि आज की पीढ़ी अपने कैरियर को लेकर एक बच्चा ही प्लान कर रहे है। ऐसे में भावी पीढ़ी को मामा, मौसी, काका और बुआ जैसे रिश्तों की दरकार होगी।

बीडीएस, एमडीएस छात्रों के लिए एंटी रैगिंग व ओरिएंटेशन प्रोग्राम



रायपुर। शासकीय दंत चिकित्सा कॉलेज (जीडीसी) रायपुर में नवप्रवेशित बीडीएस और एमडीएस के छात्र-छात्राओं को सजग करने के लिए एक विशेष 'एंटी-रैगिंग ओरिएंटेशन' प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य कॉलेज कैंपस में रैगिंग के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति को सुनिश्चित करना और नए छात्रों को एक सुरक्षित और स्वस्थ शैक्षणिक माहौल प्रदान करना था।

प्रोग्राम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र वाढेर की विशेष पहल और मार्गदर्शन में हुई। डॉ. वाढेर ने अपने संदेश में स्पष्ट किया कि दंत चिकित्सा कॉलेज को पूरी तरह से रैगिंग मुक्त रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता के विरुद्ध सख्ती से निपटा जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य ओरिएंटेशन सत्र ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग के प्रोफेसर और एंटी-रैगिंग स्क्वॉड के प्रमुख सदस्य डॉ. अरविंद नायर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

नेशनल डेंटल कमीशन के सख्त नियम भी बताए

डॉ. नायर ने छात्र-छात्राओं को रैगिंग के कानूनी पहलुओं, नेशनल डेंटल कमीशन के सख्त नियमों और सजा के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि किसी भी अप्रिय स्थिति का सामना करने की बजाय बिना किसी डर के एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन और कमेटी सदस्यों से कैसे संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर कॉलेज की एंटी-रैगिंग कमेटी और एंटी-रैगिंग स्क्वॉड के सभी सदस्य भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ और कनिष्ठ छात्रों के बीच एक सहयोगात्मक संबंध स्थापित करने पर जोर दिया गया। जिससे सभी छात्र तनावमुक्त होकर अपनी चिकित्सा शिक्षा पूरी कर सकें।

आराधना

45 हजार बच्चों की श्री सत्य साईं संजीवनी ने पूरी की हृदय सर्जरी



शिक्षित करना, सशक्त बनाना और रोजगार देना

रायपुर। नवा रायपुर स्थित श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल, भारत का पहला बाल हृदय देखभाल केंद्र है। जिसने मानवता की सेवा में 14 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इसके अलावा, हरियाणा के पलवल, महाराष्ट्र के खारघर और तेलंगाना के कोंडापाका स्थित केंद्रों ने क्रमशः 10, 8 और 2 वर्ष पूरे किए हैं। रायपुर केंद्र में 28 दिसंबर 2012 को पहली सर्जरी हुई, और 27 अक्टूबर 2026 तक यहां 45,000 सर्जरी का खास पड़ाव पूरा कर लिया। इस अवसर पर हमारा ध्येय वाक्य है - जीवन बचाना, जीवन बदलना। इस अवसर पर श्री सत्य साईं स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास ने कहा, "बच्चों की हृदय सर्जरी और इंटरवेंशन के 45,000 के इस अहम पड़ाव को सत्य साईं संजीवनी टीम के सभी सदस्यों की कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण से हासिल किया है। इस मिशन को तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि हम आखिरी छोर तक न पहुंच जाएं और आखिरी मरीज को न बचा लें।"

उन्होंने कहा, "हमारे अस्पतालों में डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य सेवा कर्मियों की शिक्षण और प्रशिक्षण पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाता है। हमारी अगली योजना नवा रायपुर में एक अत्याधुनिक हेल्थकेयर स्किल इंस्टीट्यूट (कौशल संस्थान) स्थापित करने की है। जिसका मूल मंत्र है - शिक्षित करना, सशक्त बनाना और रोजगार देना। यह विशेष रूप से भारत के ग्रामीण और आदिवासी युवतियों के लिए है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के सहयोग को स्वीकार किया। जन संपर्क अधिकारी अजय कुमार श्रॉफ ने 45,000 पूर्णतः निःशुल्क सर्जरी को अद्भुत, अकल्पनीय और विकसित भारत तथा विकसित छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का पल बताया है।

मां मातंगी दिव्य धाम से आए डॉ. प्रेमासाई महाराज के दरबार का समापन

दिव्य दरबार में अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने किया बीज और पवन मंत्र, तंत्र बाधा सहित काट मंत्र का जाप

कार्नर न्यूज

रायपुर। अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी में मां मातंगी दिव्य धाम से आए डॉ. प्रेमासाईं जी महाराज के पांच दिवसीय भव्य दिव्य दरबार के अंतिम दिन मां मातंगी की आरती में आयोजक ओमप्रकाश मिश्रा, कृष्णा कान्हा बाजारी और संतगण शामिल हुए। बारिश और तेज हवाओं के बाद भी श्रद्धालु दिव्य दरबार में बुधवार को भी डटे रहे। मां मातंगी दिव्य धाम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में पूज्य राजीव लोचन महाराज शामिल हुए। दरबार में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल से भी श्रद्धालु शामिल हुए। दिव्य धाम का पंडाल श्रद्धालुओं से भरा था। वितरित कूपन के माध्यम से पीड़ित श्रद्धालुओं को महाराज मंच में बुलाकर उनके कष्टों को बताकर उसका निवारण भी बता रहे थे। महाराज श्री ने निकली पर्ची के पीड़ितों की शतप्रतिश जानकारी दी।



महिलाएं और पुरुष झूपते हुए चीखने-चिल्लाने लगे

महाराज ने सनातन धर्म प्रचारकों की तारीफ करते हुए कहा कि आज हमारे धर्म प्रचारकों की समाज को बहुत जरूरत है। अन्य सम्प्रदाय के लोग हमारे धर्म को तहस-नहस करने पर उतारू हैं। दिव्य धाम में मंत्रोच्चार के समय नकारात्मक ऊर्जा से ग्रस्त दर्जनों महिलाएं और पुरुष झूपने, चिखने-चिल्लाने लगे। ऐसी विचित्र आवाजें पंडाल में सुबह से रात तक कई बार सुनाई देती रहीं हैं। महाराज श्री ने बीज मंत्र, पवन मंत्र, तंत्र बाधा काट मंत्र का जाप श्रद्धालुओं से करवाया। मां दिव्य दरबार में पर्ची के साथ भजन-कीर्तन गुंजायमान जारी था।प्रति दिन की तरह दिव्य दरबार के अंतिम दिन सभी के लिए भोजन की व्यवस्था रखी गई थी। इसमें लगभग पांच लाख लोगों ने भोजन प्राप्त किया।

श्रद्धालुओं को दी गई नियमित भोजन सेवा

आयोजक ओमप्रकाश मिश्रा ने दिव्य दरबार की व्यवस्था समिति, पुलिस प्रशासन, निगम प्रशासन और सभी श्रद्धालुओं के प्रति मां मातंगी के दिव्य दरबार को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किए। मां मातंगी दिव्य धाम दरबार की व्यवस्था संभालने विकास सेठिया, दीपक अग्रवाल, संजय पारिख, श्रवण शर्मा, अभिषेक अग्रवाल, प्रकाश महेश्वरी, नितिन कुमार झा, सार्थक, गज्जू साहू, मुकेश तिवारी,रवि शर्मा , कमल पुरुषवानी सहित सैकड़ों सेवादारों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके चलते आयोजन स्थल पर पांच दिनों तक श्रद्धालुओं को तय की गई व्यवस्था के दिव्य दरबार में सहभागिता निभाने का अवसर दिया। दूर-दराज से आए लोगों को नियमित भोजन सेवा दी गई।

सिटी स्पोर्टस

उभरते अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी मिले उप मुख्यमंत्री साव से



रायपुर। मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित कॉमनवेल्थ स्कूल्स शतरंज चैंपियनशिप-2026 में छत्तीसगढ़ के होनहार युवा शतरंज खिलाड़ी इरा अर्नि रंगनाथ और वेद अर्का रंगनाथ ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों ने इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर टॉप 10 में जगह सुनिश्चीत की है। प्रदेश के खेल व युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने दोनों खिलाड़ियों से नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में मुलाकात कर दोनों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि 5 वर्ष की इरा ने भारत का प्रतिनिधित्व कर गर्ल्स अंडर-7 रैपिड स्पर्धा में छठा स्थान हासिल किया। साथ ही उन्हें प्रतियोगिता में 'यंगेस्ट स्टार' सम्मान से नवाजा गया। वहीं 7 वर्ष के वेद ने अंडर-7 वर्ग की ब्लिट्ज और क्लासिकल स्पर्धाओं में शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस मुलाकात के दौरान दोनों खिलाड़ियों के माता पिता सहित प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी उपस्थित थे।

सरगुजा ओलंपिक में अब तक 4.16 लाख पंजीयन



रायपुर। प्रदेश में दूसरी बार आयोजित हो रहे सरगुजा ओलंपिक को लेकर युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। सरगुजा संभाग के 6 जिलों से कुल 4 लाख 16 हजार 813 खिलाड़ियों ने इसमें पंजीयन कराया है, जिसमें महिला खिलाड़ियों की संख्या पुरुषों से 69 हजार 45 अधिक है। सभी छह जिलों में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी हैं। विकासखंड स्तर पर विजेता रहे खिलाड़ी अब जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद जिला स्तर के विजेता आगामी नवंबर माह में प्रस्तावित संभाग स्तरीय मुकाबलों में अपने-अपने जिलों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राज्य स्तरीय अस्मिता वूमेंस लीग सॉफ्ट टेनिस में दिखाया दम



रायपुर। खेलो इंडिया एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में राज्य स्तरीय अस्मिता वूमेंस लीग सॉफ्ट टेनिस का आयोजन गांधी स्टेडियम अंबिकापुर स्थित लॉन टेनिस ग्राउंड में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आईं महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंबिकापुर की महापौर मंजूषा भगत एवं एमआईसी सदस्य प्रियंका गुप्ता, गर्ल्स स्कूल की प्राचार्य अर्पणा दुबे और नीलम राजवाड़े उपस्थित रहीं। वहीं, प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रूप में रवि शंकर धनगर, प्रमोद ठाकुर एवं दिलीप कुमार विश्वकर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता में प्रदेशभर की महिला खिलाड़ियों ने पंजीयन कराकर तीन अलग-अलग आयु वर्गों की स्पर्धाओं में अपना कौशल दिखाया। इस आयोजन को सफल बनाने में रजत सिंह, सुनैना जायसवाल, सॉफ्ट टेनिस की राष्ट्रीय पदक विजेता रीमा राय, चंचल सारथी, पूर्णिमा प्रतिकार, प्रिया जायसवाल, खुशबू गुप्ता तथा बबीता तिग्गा का विशेष योगदान रहा।

'बस्तर ओलंपिक 3.0' के लिए पंजीयन 30 तक



रायपुर। बस्तर की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें एक बड़ा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित होने जा रहे 'बस्तर ओलंपिक 2026-27' (बस्तर ओलंपिक 3.0) को लेकर पूरे अंचल में उत्साह का माहौल है। प्रशासन ने इस महाकुंभ के लिए जनजागरूकता अभियान में जिले एवं ब्लॉक स्तर के सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, खेल संघों, मीडिया, सामाजिक संगठनों तथा स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है, ताकि खेलों के इस उत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके और इच्छुक प्रतिभागी 30 अक्टूबर की अंतिम तिथि से पूर्व अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से करा लें।

बदलते मौसम का सेहत पर होता है असर, जानिए सब कुछ

मौसम बदलते ही होने लगती है गले में खराश और खांसी, जानिए इसकी वजह और बचाव के उपाय

मौसम में बदलाव होते ही अक्सर लोगों को गले में खराश, सूखी खांसी, नाक बहने और गले में दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से सर्दी से गर्मी या गर्मी से सर्दी के मौसम में प्रवेश करते समय तापमान और हवा की नमी में आने वाला परिवर्तन शरीर को प्रभावित करता है। शुरुआती हल्की खराश को अनदेखा करना भारी पड़ सकता है, इसलिए इसके कारणों को समझना जरूरी है।







गले में खराश और खांसी के प्रमुख कारण



मौसम बदलने के दौरान सर्दी-जुकाम और फ्लू फैलाने वाले विषाणु यानी वायरस सक्रिय हो जाते हैं, जिससे गले में दर्द, खराश, खांसी और हल्का बुखार हो सकता है। तापमान का अचानक गिरना या हवा का शुष्क होना सांस की नलियों में जलन पैदा करता है, जिससे गला सूखने और बार-बार खांसी की समस्या होती है। हवा में मौजूद धूल और सूक्ष्म प्रदूषक कण भी सांस के साथ गले में जाकर जलन पैदा करते हैं, जिससे सांस और अस्थमा के मरीजों की तकलीफ बढ़ जाती है। इसके अलावा परागकण यानी पॉलेन, धूल और फफूंद से एलर्जी होने पर बार-बार छींकें आना, गले में खुजली और सूखी खांसी की शिकायत होती है। शुष्क हवा गले की प्राकृतिक नमी को सुखा देती है, जबकि सिगरेट का धुआं, अगरबत्ती, परफ्यूम और रसायन युक्त सफाई उत्पादों के धुएं से गले की नलियों में जलन और खांसी बढ़ सकती है।

गले की सुरक्षा और बचाव के आसान उपाय

दिनभर पर्याप्त मात्रा में गुनगुने पानी और तरल पदार्थों का सेवन करने से गले को राहत मिलती है। एक गिलास गुनगुने पानी में आधा चम्मच नमक मिलाकर दिन में दो से तीन बार गरारे करना लाभदायक होता है। घर में धूल जमा न होने दें और धूम्रपान वाले स्थानों से दूरी बनाकर रखें। प्रदूषण अधिक होने पर वायु गुणवत्ता यानी एयर क्वालिटी की जांच करें, अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और बाहर जाते समय एन-95 यानी N-95 मास्क का उपयोग करें। साबुन से नियमित हाथ धोएं, संक्रमित व्यक्तियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए पूरी नींद लें। ध्यान रखें कि अधिकांश खराश वायरस के कारण होती है जिस पर एंटीबायोटिक दवाएं असर नहीं करतीं, इसलिए केवल डॉक्टर की सलाह पर ही दवाओं का सेवन करें।





कवर्धा और नारायणपुर ने जीते अपने-अपने मुकाबले

भिलाई। अंडर-14 प्लेट ग्रुप इंटर-डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत बिलासपुर के राजा रघुराज सिंह स्टेडियम और रेलवे मैदान पर रोमांचक मुकाबले खेले गए। टॉस के दौरान जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष गुरुदीप सिंह टुटेजा, सहसचिव शरद मुरारका और सीनियर खिलाड़ी गुरुचरण सिंह उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।



नारायणपुर और जशपुर का मुकाबला

बिलासपुर में राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में खेले गए पहले मुकाबले में नारायणपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.4 ओवर में 67 रन बनाए, जिसमें नमन मंडल ने सर्वाधिक 15 रन जोड़े। जशपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रतीक तिर्की और देवांश गोयल ने 4-4 विकेट झटके। जवाब में खेलने उतरी जशपुर की टीम 20.2 ओवर में मात्र 26 रन पर ढेर हो गई और उसका कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। नारायणपुर के लिए चिराग़ कुमार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट और यश कश्यप ने 3 विकेट चटकाए। इस प्रकार नारायणपुर ने 41 रनों से शानदार जीत दर्ज की। मैच के निर्णायक महेश वर्मा व रिषभ सोनी, ऑब्जर्वर राजेश शुक्ला और स्कोरर महेश दत्त मिश्रा रहे।

बारिश के कारण रद्द हुआ बीएसपी और दंतेवाड़ा का मुकाबला

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत बीएसपी और दंतेवाड़ा के बीच मुकाबला राजहरा में खेला जाना था। मैच में दंतेवाड़ा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण (फील्डिंग) करने का फैसला किया। मैच के दौरान बीएसपी की टीम ने 34 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 194 रन बना लिए थे, जिसमें कप्तान शुभ गिरी ने 44 रन, वी. शरण ने 37 रन, हर्षवर्धन बघेल ने 19 रन और अयान आलम ने 18 रनों का योगदान दिया। दंतेवाड़ा की ओर से गेंदबाजी में पृथ्वी कुमावत ने 3 विकेट, एस. भुवन कार्तिक ने 2 विकेट और एम. अश्विन ने 1 विकेट हासिल किया। बारिश और मैदान के अत्यधिक गीले होने के कारण आगे का खेल संभव नहीं हो सका, जिसके चलते मैच को स्थगित करना पड़ा। परिणामतः यह मुकाबला 'नो रिजल्ट' (बिना किसी परिणाम) घोषित किया गया और नियमानुसार दोनों टीमों को दो-दो अंक प्रदान किए गए।

कवर्धा और बिलासपुर ब्लू का मुकाबला

रेलवे मैदान पर खेले गए दूसरे मुकाबले में कवर्धा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट पर 217 रन बनाए। इसमें विवान सिन्हा ने नाबाद 84 रन और कुशाग्र ध्रुव ने 60 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर ब्लू की ओर से अवनीश शुक्ला और विनायक उपाध्याय ने 2-2 विकेट लिए।

शूटिंग में ओवरऑल चैंपियनशिप पर रायपुर का कब्जा

रायपुर। राजकुमार कॉलेज, रायपुर ने ऑल इंडिया आईपीएससी शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक और बालिका दोनों वर्गों की ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम कर ली है। 23 से 27 अक्टूबर तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कॉलेज ने बालक वर्ग में 54 और बालिका वर्ग में 41 अंक हासिल किए। कुल 48 पदक जीतने वाले इस दल ने 27 स्वर्ण, 16 रजत और 5 कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता की 12 टीम स्पर्धाओं में से सात में रायपुर के खिलाड़ियों ने बाजी मारी।



राजकुमार कॉलेज के आरुष बंसल, अक्षांश पाठक, अद्विका मेहता, संजना वर्गेम, मोहम्मद अयान मेमन, देवकृत सिंह झाला और यश मोदी ने व्यक्तिगत मुकाबलों में शानदार स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा इंदौर, पटियाला और दिल्ली के अन्य विद्यालयों के प्रतिभावान निशानेबाजों ने भी विभिन्न श्रेणियों में स्वर्ण पदक हासिल किए। राजकुमार कॉलेज के 12 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के 70वें नेशनल स्कूल गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। चैंपियनशिप के समापन समारोह में राजकुमार कॉलेज जनरल काउंसिल के अध्यक्ष त्रिविक्रम चंद्र देव और प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह (सेवानिवृत्त) ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।



भिलाई, रांची, गुवाहाटी और सिलीगुड़ी सेमीफाइनल में

भिलाई। दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई में आयोजित तीन दिवसीय 'इंटर-डीपीएस फुटबॉल टूर्नामेंट जोन 4-बालक (ओपन) 2026' के दूसरे दिन बुधवार का मुकाबला बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा, जिसके परिणाम स्वरूप टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुँचने वाली शीर्ष चार टीमों के नाम स्पष्ट हो गए हैं। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में डीपीएस सोसाइटी के जोन 4 के अंतर्गत आने वाले छह राज्यों—छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, नागालैंड और उड़ीसा के डीपीएस परिवारों की कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिसमें 256 से अधिक युवा खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

रिसाली परिसर में हुए मुकाबलों के कड़े संघर्ष और परिणाम

डीपीएस रिसाली परिसर में दिन की शुरुआत डीपीएस



दीमापुर और डीपीएस रायपुर के बीच हुए शानदार लीग मैच से हुई, जिसमें डीपीएस दीमापुर ने 3-1 के स्कोर से जीत दर्ज की। एक अन्य बेहद रोमांचक मुकाबले में मेजबान डीपीएस भिलाई की टीम ने डीपीएस दुर्गापुर को 1-0 के करीबी अंतर से पराजित किया, जबकि डीपीएस दुर्ग ने डीपीएस रूबी पार्क कोलकाता को 2-0 से शिकस्त दी। अपराह्न सत्र में हुए महत्वपूर्ण मैचों में डीपीएस गुवाहाटी ने डीपीएस कलिंगा को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया, वहीं डीपीएस सिलीगुड़ी ने भी डीपीएस दीमापुर को 2-0 से हराकर अंतिम चार में अपनी मजबूत जगह बनाई।

मरोदा परिसर के मैदान पर बरसे गोल और सेमीफाइनल की जंग

मरोदा परिसर में खेले गए मुकाबलों में टीमों ने आक्रामक खेल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिन के पहले लीग मैच में डीपीएस गुवाहाटी ने उत्कृष्ट खेल भावना दिखाते हुए डीपीएस बिलासपुर को 11-0 के विशाल अंतर से करारी शिकस्त दी। अन्य मुकाबलों में डीपीएस रांची ने डीपीएस फुलवारी सिलीगुड़ी को 5-0 से और डीपीएस सिलीगुड़ी ने डीपीएस बोकारो को 3-0 के स्कोर से हराया। अपराह्न के सत्र में डीपीएस रांची और डीपीएस राउरकेला के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें डीपीएस रांची ने 2-1 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मरोदा परिसर के अंतिम मुकाबले में डीपीएस भिलाई ने डीपीएस दुर्ग को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया।

मरोदा टर्फ ग्राउंड के मुकाबले और ड्रॉ रहा कड़ा संघर्ष

मरोदा टर्फ ग्राउंड पर खेले गए मैचों में भी खिलाड़ियों का जोश देखने लायक था। यहाँ डीपीएस मेगा सिटी कोलकाता और डीपीएस राउरकेला के बीच हुए लीग मैच में डीपीएस राउरकेला ने 2-0 से शानदार जीत दर्ज की। इसके अतिरिक्त, डीपीएस दुलियाजन और डीपीएस कलिंगा के बीच एक अन्य लीग मुकाबला बेहद रक्षात्मक और कड़ा रहा, जहाँ निर्धारित समय की समाप्ति तक दोनों में से कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और मैच अंततः बराबरी (ड्रॉ) पर समाप्त हुआ। कड़े संघर्ष और रोमांचक मुकाबलों के दौर के बाद दूसरे दिन के अंत में चार बेहतरीन टीमों ने सेमीफाइनल के लिए अपनी पक्की जगह बना ली है, जिनमें डीपीएस रांची, डीपीएस गुवाहाटी, डीपीएस सिलीगुड़ी और मेजबान डीपीएस भिलाई शामिल हैं। यह प्रतियोगिता डीपीएस भिलाई के प्रभारी प्राचार्य अमजद हसन जुनजानी, उपप्राचार्य (शैक्षणिक) राजदीप सेन, प्रधानाध्यापिका (सीनियर विंग) नीलम पाण्डेय और प्रधानाध्यापक (मिडिल विंग) अनिल कुमार जांगिड़ के मार्गदर्शन में हो रही है। इसके अलावा, खेल प्रभारी नितिन नायर,उपेन्द्र कुमार, एम. जोशी चेरियन, ऋतिका गुप्ता, नीलिमा ठाकुर, श्वेता शर्मा, शशि चंद्रा और किरण शर्मा,भिलाई इस्पात संयंत्र का योगदान रहा।

राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में कड़े मुकाबले को तैयार छत्तीसगढ़ टीम, 30 से उतरेंगे मैदान में

भिलाई। साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में रांची (झारखंड) में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए छत्तीसगढ़ की 18 सदस्यीय टीम गुरुवार, 29 अक्टूबर की सुबह रांची के लिए रवाना होगी। 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ी 78वीं सीनियर, 55वीं जूनियर और 41वीं सब-जूनियर स्पर्धाओं में अपना कौशल दिखाएंगे। छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी, महासचिव विनायक राव चन्नावार और दुर्ग जिला साइकलिंग संघ के सचिव देव प्रकाश वर्मा ने पूरी टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

सांसद ने बढ़ाया मनोबल

प्रतियोगिता के लिए रवाना होने से पूर्व साइक्लिंग दल के खिलाड़ियों और



पदाधिकारियों ने सांसद विजय बघेल से सौजन्य मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद बघेल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय पटल पर राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के साथ ही उनके साथ फोटो भी खिंचवाई।

राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चुनी गई छत्तीसगढ़ की टीम में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभावान खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। टीम में कांकेर से साहिल नागवंशी, रायगढ़ से अतुल प्रधान और रायपुर से सचिन कुमार का चयन हुआ है। वहीं भिलाई से सन्नी कुमार, तुषार देवांगन, तुषाल साहू, कट्टा नेहा, यश कुमार साहू, भानु प्रताप पटेल, ऋषभ साहू, दिपेश कुमार निर्मलकर, डोमेंद्र साहू, साक्षी सलामे और गीतिका साहू राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम की तैयारियों और स्पर्धा के दौरान उनके बेहतर मार्गदर्शन के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों और प्रबंधकों की नियुक्ति की गई है। दल में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रतीक मानोध्याय जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उनके साथ अभिषेक मिश्रा, श्रीमती बीना मिश्रा और विशेष तिवारी को कोच व टीम प्रबंधक के रूप में शामिल किया गया है, जो प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'ड्यूनः पार्ट थ्री' को लेकर उत्साह , डेनिस के निर्देशन में तेजी से चल रही है तैयारियां

साइंस-फिक्शन सिनेमा प्रेमियों के लिए एक बेहद रोमांचक खबर सामने आ रही है। लोकप्रिय 'ड्यून' फ्रैंचाइज़ी के तीसरे हिस्से यानी 'ड्यूनः पार्ट थ्री' पर



काम अब बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। फिल्म के निर्देशक डेनिस विलेन्यूव इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट को पर्दे पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और इसके प्री-प्रोडक्शन का काम जोरों पर चल रहा है। फ्रैंचाइज़ी के पिछले भागों की अपार सफलता के बाद से ही दर्शकों को इसके अगले अध्याय का बेसब्री से इंतज़ार है। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर जो विवरण सामने आए हैं, वे फैंस का उत्साह और बढ़ाने के लिए काफी हैं। इस आगामी फिल्म में एक बार फिर मुख्य भूमिकाओं में लोकप्रिय अभिनेता टिमोथी शालामे और जेंडया अपनी शानदार अदाकारी का जादू बिखेरते नजर आएंगे। इसके साथ ही, प्रशंसित अभिनेत्री फ्लोरेंस प्यू भी एक बार फिर महत्वपूर्ण भूमिका में इस ब्रह्मांड का हिस्सा बनेंगी। कलाकारों की यह मजबूत तिकड़ी इस साइंस-फिक्शन महागाथा को एक नए और और भी ज्यादा रोमांचक स्तर पर ले जाने का वादा करती है। कहानी के मोर्चे पर, यह फिल्म फ्रैंचाइज़ी के मूल उपन्यासों और कथाओं के एक गहरे और जटिल सफर को आगे बढ़ाएगी। निर्देशक डेनिस विलेन्यूव अपनी विज़ुअल और शानदार कहानी कहने की शैली के लिए जाने जाते हैं, और इस बार भी वह सिनेमाघरों में एक भव्य और अनोखा दृश्य अनुभव देने की तैयारी में हैं। भव्य सेट, अत्याधुनिक वीएफएक्स और कलाकारों के बेहतरीन अभिनय के दम पर 'ड्यूनः पार्ट थ्री' इस दशक की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में अपनी जगह पक्की करती नजर आ रही है।

टॉलीवुड

तमिल डेब्यू के लिए तैयार नस्लेन, सामने आया 'सीन' का खतरनाक डार्क लुक

दक्षिण भारतीय सिनेमा जगत से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। तमिल सिनेमा के सुपरस्टार



सूर्या की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सीन' से युवा और लोकप्रिय मलयालम अभिनेता नस्लेन का पहला लुक आधिकारिक तौर पर जारी कर दिया गया है। फिल्म से सामने आए इस पोस्टर में नस्लेन का एक बेहद अलग, रहस्यमयी और इंटेंस 'डार्क अवतार' देखने को मिल रहा है। इस फिल्म और अपने इस खास किरदार के साथ नस्लेन तमिल फिल्म उद्योग में अपना पहला कदम रखने जा रहे हैं। 'प्रेमलू' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपनी हल्की-फुल्की कॉमेडी और सहज अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाले नस्लेन के लिए यह किरदार पूरी तरह से नया और चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है। आमतौर पर रोमैंटिक और कॉमिक रोल्स के लिए पहचाने जाने वाले नस्लेन का यह डार्क और गंभीर लुक फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज बनकर आया है। पोस्टर जारी होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और सिनेमा प्रेमियों के बीच उनके इस नए अवतार को लेकर जबरदस्त चर्चा शुरू हो गई है। फिल्म 'सीन' में सूर्या और नस्लेन की यह अनोखी जोड़ी पहली बार पर्दे पर एक साथ नज़र आने वाली है। ट्रेड विश्लेषकों का मानना है कि कहानी में नस्लेन का यह इंटेंस किरदार सूर्या के किरदार के साथ स्क्रीन पर एक बड़ा ड्रामा और थ्रिल पैदा करेगा। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है और इसके निर्देशन व तकनीकी टीम को लेकर भी काफी उत्सुकता बनी हुई है। दक्षिण भारतीय सिनेमा में हाल के दिनों में क्रॉस-इंडस्ट्री कास्टिंग का रुझान तेजी से बढ़ा है, जहां मलयालम सिनेमा के उभरते सितारे तमिल और तेलुगु फिल्मों में मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। नस्लेन का यह तमिल डेब्यू भी इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। फैंस अब सूर्या और नस्लेन के बीच के ऑन-स्क्रीन टकराव और फिल्म के टीजर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

भोजपुरी

स्वतंत्रता सेनानी बैकुंठ शुक्ल पर बनेगी भव्य फिल्म, अगले महीने से होगी शूटिंग

स्वतंत्रता सेनानी व अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल के जीवन पर आधारित एक भव्य भोजपुरी फिल्म का निर्माण जल्द ही शुरू होने जा रहा है। यह फिल्म प्रसिद्ध साहित्यकार फणीश्वर नाथ घोष वैद्य के लेखन और साहित्य पर आधारित होगी, जो उनके जीवन के अनछुए



पहलुओं को बड़े पर्दे पर जीवंत करेगी। इस घोषणा के बाद से न केवल भोजपुरी सिनेमा जगत बल्कि कला और इतिहास प्रेमियों के बीच भी काफी सकारात्मक चर्चा और उत्साह का माहौल है। फिल्म से जुड़े निर्माताओं और निर्देशकों की योजना के अनुसार, इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट की शूटिंग इसी साल नवंबर के महीने से उत्तर बिहार के ऐतिहासिक स्थलों पर शुरू कर दी जाएगी। शूटिंग के लिए मुजफ्फरपुर और पश्चिम चंपारण जैसे प्रमुख और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण जिलों को चुना गया है।



लंदन फैशन वीक फॉल विंटर के खास ट्रेंड्स फैशन प्रेमियों के लिए एक रोमांच का अवसर लाते हैं। यह ट्रेंड्स न्यूयॉर्क से शुरू होकर लंदन और आगे मिलान व पेरिस तक फैल रहा है। लंदन फैशन वीक फॉल विंटर में इस सीज़न में 'रूचिंग' (Ruching) ट्रेंड ने विशेष रूप से ध्यान खींचा है। आसान शब्दों में कहें तो रूचिंग कपड़ों में सिलवटें या गैदर्स डालने की एक बेहतरीन तकनीक है, जो किसी भी आउटफिट में गहराई और खूबसूरत डायमेंशन जोड़ती है। आगामी छुट्टियों या शहर की सैर के लिए रूच्ड ऑफ-शोल्डर टॉप एक बेहतरीन और स्टाइलिश विकल्प साबित हो सकता है।

सौंदर्य बाजार में प्राकृतिक निखार और ग्लास स्किन का क्रेज

आजकल भारताय फशन आर ब्यूटा इडस्ट्रा म पारंपरिक और भारी मेकअप के बजाय प्राकृतिक निखार को प्राथमिकता दी जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में ब्यूटी ट्रेंड्स में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जहां भारी कवरेज वाले फाउंडेशन और लेयरिंग की जगह त्वचा को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ और चमकदार दिखाने पर जोर दिया जा रहा है। इस बदलाव ने आधुनिक भारतीय महिलाओं की दिनचर्या और सौंदर्य उत्पादों के चयन को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। बाज़ार में अब ऐसे उत्पादों की मांग सबसे अधिक है जो त्वचा को नुकसान पहुँचाए बिना उसे अंदर से पोषित करते हैं और एक सहज चमक प्रदान करते हैं।

इस नए दौर के सबसे लोकप्रिय ट्रेंड्स में ग्लास स्किन, स्किन-फर्स्ट बेस और नेचुरल-ग्लो मेकअप सबसे आगे हैं। ग्लास स्किन का मुख्य उद्देश्य त्वचा को इतना साफ, चिकना और हाइड्रेटेड बनाना है कि वह कांच की तरह चमक उठे। इसके लिए अब भारी-भरकम बेस उत्पादों के बजाय हल्के मॉइश्चराइज़र, फेशियल सीरम और हाइड्रेटिंग टोनर का इस्तेमाल किया जा रहा है। स्किन-फर्स्ट बेस



तकनाक का मतलब ह ाक मकअप करन स पहले स्किनकेयर पर पूरा ध्यान दिया जाए, ताकि त्वचा की प्राकृतिक बनावट बरकरार रहे और मेकअप केवल उसे निखारने का काम करे, न कि उसे पूरी तरह ढंके।

इस ट्रेंड को अपनाने के लिए बाजार में लिक्विड ब्लश, स्किन टिंट्स, और वॉटर-बेस्ड लिपटिंट्स जैसे नए और आधुनिक उत्पाद बड़ी संख्या में आ चुके हैं। पारंपरिक पाउडर उत्पादों की जगह क्रीम और लिक्विड आधारित उत्पाद अधिक पसंद किए जा रहे हैं क्योंकि वे त्वचा में आसानी से मिल जाते हैं और लंबे समय तक प्राकृतिक चमक बनाए रखते हैं। इसके अलावा, मल्टी-पर्पस पैलेट्स जिनमें कंसीलर, ब्लश और हाइलाइटर एक साथ मिलते हैं, कामकाजी महिलाओं और युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। यह सभी उत्पाद कम समय में एक फ्रेश और ग्लोइंग लुक पाने के लिए बेहद मददगार साबित हो रहे हैं।

कुल मिलाकर, भारतीय सौंदर्य उद्योग का यह नया रुझान इस बात का प्रमाण है कि लोग अब भारी और कृत्रिम लुक के बजाय अपनी त्वचा की सेहत को प्राथमिकता दे रहे हैं।

गुलाबी ठंड में छाए भारतीय युवाओं के ट्रेंडी आउटफिट्स



जल्द शुरू होने जा रहे नवंबर महीने में हल्की-फुल्की ठंड रहेगी। गुलाबी ठंड का एहसास तो होगा ही। ऐसे में भारतीय युवाओं के वार्डरोब में स्टाइल और कम्फर्ट का एक अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। मौसम के इस बदलते मिजाज में न ज्यादा गर्मी होती है और न ही बहुत कड़ाके की सर्दी, इसलिए फैशन प्रेमी ऐसे कपड़ों को तरजीह दे रहे हैं जो दिखने में बेहद कूल हों और दिन भर आरामदायक भी महसूस कराएं। कॉलेज जाने वाले स्टूडेंट्स से लेकर वर्किंग प्रोफेशन्स तक, हर कोई इस गुलाबी ठंड में अपनी पर्सनैलिटी के हिसाब से नए-नए विंटर लुक्स अपना रहा है। आइए जानते हैं इस सीजन में भारतीय यूथ के बीच कौन-कौन से आउटफिट्स सबसे ज्यादा ट्रेंड कर रहे हैं।



ओवरसाइज्ड हुडी और डेनिम



कैजुअल स्ट्रीटवैल स्टाइल को पसंद करने वाले युवाओं के लिए ओवरसाइज्ड हुडीज़ और रिलैक्स्ड-फिट डेनिम का कॉम्बिनेशन पहली पसंद बना हुआ है। वाइब्रेंट और पेस्टल शेड्स में आने वाली ये हुडीज़ न केवल बेहद कूल लुक देती हैं, बल्कि दिनभर की भागदौड़ में बेहतरीन आराम भी प्रदान करती हैं। इन्हें वाइड-लेग या स्ट्रैट-फिट जींस और ट्रेंडी स्नीकर्स के साथ पेयर करके युवा एक परफेक्ट 'अनफॉर्मल ऐट-इज़' स्टाइल स्टेटमेंट बना रहे हैं।

लेयर्ड ट्रेंच कोट और ब्लेज़र

स्मार्ट-कैजुअल और सेमी-फॉर्मल मौकों के लिए लेयरिंग का ट्रेंड युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। किसी भी बेसिक सॉलिड टी-शर्ट और क्लासिक जींस के ऊपर लाइटवेट ट्रेंच कोट, ओवरकोट या स्ट्रक्चर्ड कैजुअल ब्लेज़र पहनने से पूरा लुक तुरंत एलीगेंट और क्लासी बन जाता है। ऑफिस मीट, शाम के गेट-टुगेदर या कैफे हैंगआउट्स के लिए यह लेयर्ड स्टाइल युवाओं को एक शार्प और अट्रैक्टिव अपीयरेंस देता है।

हीट स्टाइलिंग के कारण बाल हो गए हैं डैमेज तो ये टिप्स आएंगी आपके काम

हम सभी चाहते हैं कि हमारे बाल लम्बे और घने नजर आए और इसके लिए हम आए दिन कई तरीके के हेयर ट्रीटमेंट भी करवाते हैं। वहीं हम अक्सर बालों को आकर्षक लुक देने के लिए स्टाइलिंग भी करते हैं और इसके लिए कई तरीके के हीट वाले स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल करते हैं।

बालों में किसी भी तरह के हेयर स्टाइलिंग टूल का इस्तेमाल करने से पहले आपको हीट प्रोटेक्टिंग स्प्रे का इस्तेमाल करना चाहिए। यह बालों को हीट स्टाइलिंग टूल के कारण होने वाले डैमेज जैसे बालों का जलना, स्प्लिट एंड्स, हेयर ड्राईनेस जैसी कई डैमेज से बालों की रक्षा करने में सहायता करता है। इसे आप बालों में किसी भी तरह के हीट स्टाइलिंग टूल का इस्तेमाल करने से पहले स्प्रे के जरिये कर सकती हैं।

हेयर स्टाइलिंग के बाद अक्सर बालों के टेक्सचर में कई तरह के बदलाव नजर आने लगते हैं, जो खासकर बालों को डैमेज करने का काम करते हैं। बता दें कि बालों को इन डैमेज से बचाने के लिए आप एलोवेरा जेल का



इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप स्कैल्प से लेकर बालों की लेंथ तक में सीधे इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं इसके लिए आप सीधे एलोवेरा के पौधे से पत्तियों को काटकर लगा सकती हैं। बालों को धोने के बाद हमेशा कंडीशनर का इस्तेमाल करें। कंडीशनर आपके बालों को सही मात्रा में मॉइस्चराइज करने के काम करता है। स्कैल्प से लेकर लेंथ तक आप जरूरत अनुसार हेयर सीरम का इस्तेमाल जरूर करें। बालों को धोने से करीब 2 घंटे पहले हेयर ऑयल का इस्तेमाल करें। गीले बालों पर कंघा इस्तेमाल करने से थोड़ा बचाव करें। बालों को सूखाने के लिए हीटिंग टूल या तौलिए से रगड़ने का प्रयास न करें।

एक्ने से लेकर टैनिंग की समस्या से निजात पाने एक्सपर्ट नुस्खे आजमाएं

स्किन को स्पॉटलेस बनाए रखने में काफी मेहनत लगती है। कभी चेहरे पर एक्ने हो जाते हैं या टैनिंग की समस्या के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। त्वचा संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए आप घरेलू नुस्खे आजमा सकती हैं। हाल ही में डर्मेटोलॉजिस्ट आंचल पंत ने एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने एक्ने से लेकर ऑयली स्किन के लिए आसान उपाय बताएं हैं। चलिए जानते हैं वह नुस्खे, जो स्किन को हेल्दी बनाने का काम करते हैं।

एक्ने के लिए समस्या से परेशान हैं, तो चेहरे पर शहद का इस्तेमाल किया जा सकता है । शहद में एंटी-बैक्टी और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। एक्ने की वजह से चेहरे के आसपास रेडनेस आने लगती है, शहद के उपयोग से त्वचा लाल नजर नहीं आएगी। चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। अब अपनी त्वचा पर शहद की एक पतली लेयर लगाएं। हफ्ते में 2-3 बार एक्ने पर शहद लगाने से यह समस्या कम हो जाएगी। एक्ने पर एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। यह सिरका स्किन के लिए हार्श होता है। इसके कारण चेहरा जल भी सकता है।



टैनिंग से छुटकारा कैसे पाएं?

धूप के अधिक एक्सपोजर के कारण टैनिंग की समस्या हो जाती है। टैनिंग के कारण चेहरे भद्दा नजर आता है। टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप टमाटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। टमाटर में लाइकोपीन पाया जाता है, जिसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। टमाटर में बेटाकेरोटिन, विटामिन सी और ई भी होते हैं। टमाटर को धोकर दो टुकड़ों को में काट लें। अब टमाटर को पूरे चेहरे पर लगाएं।

कार्नर न्यूज

पैरों की बदबू से छुटकारा दिलाने आसान से उपाय अपनाइए

इस मौसम में पैरों की हिफाजत करें खास तरीके से हाईजिन मेंटेन करने के साथ पैडिक्योर भी है जरूरी

सर्दियों में पैरों को ढके रखने से एक प्रमुख समस्या पैदा हो सकती है और वो है बदबूदार पैर। यह समस्या उस बदबू के लिए एक निमंत्रण की तरह है, जिसे छोड़ने में निश्चित रूप से कुछ समय लगता है और यकीन मानिए ये पर्यावरण के लिए भी ठीक नहीं है।

अपने पैरों को सही तरीके से धोएं

आप सोच रहे होंगे कि अपने पैर धोना में ऐसा क्या नया है। ये तो आप रोजाना करते हैं, लेकिन वास्तव में आपकी तकनीक गलत हो सकती है। एक खूशबूदार साबुन आपके लिए उपयोगी साबित नहीं हो सकता है। इसलिए आपको एक मेडिकेटेड साबुन की आवश्यकता होती है। अपने पैर की उंगलियों के बीच में विशेष ध्यान दें, क्योंकि यहां अधिकांश नमी जमा हो जाती है। इसके अलावा पूरे दिन आराम से रहने के लिए अपने पैरों को कुछ फुट स्प्रे पाउडर से स्प्रे करें।

एक तरीका और भी है। आप एक वॉश बेसिन को गर्म पानी से भरें। इसमें शैम्पू की कुछ बूंदें और एक



एंटीसेप्टिक घोल को मिलाएं। अब अपने पैरों को पानी में कम से कम 10 मिनट के लिए अच्छे से भिगो दें, ताकि जमा हुई गंदगी नरम हो जाए। आप चाहें तो अपने पैर के नाखूनों को साफ करने के लिए नेल ब्रश या पुराने टूथ ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। एड़ियों और पैरों के तलवों के लिए फुट स्क्रबर का इस्तेमाल करें। जोर-जोर से न रगड़ें, क्योंकि इससे आपको चोट लग सकती है।

अगर आपके पैर के नाखून बहुत लंबे हो गए हैं, तो उन्हें काट दें। सर्दियों में अपने पैर के नाखूनों को छोटा रखना सबसे अच्छा होता है, ताकि गंदगी अंदर जमा न हो। इसके बाद अपने पैरों को धीरे से थपथपाकर सुखाएं। अपने पैरों पर मॉइस्चराइजर लगाएं और उनकी मालिश करें। यह ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने का भी काम करेगा।

सिरका से स्नान

कुछ घरेलू उपचार आपके पैरों की बदबू के लिए जबरदस्त साबित हो सकते हैं। ऐसा ही एक उपाय है विनेगर बाथ, जिसमें आपको टब में गर्म पानी भरकर उसमें सिरका को अच्छी तरह मिलाना है। इसमें अपने पैरों को डुबोएं और 30 मिनट तक ऐसे ही रखें। इसमें मौजूद ऐसिडिक कंटेंट बैक्टीरिया को खत्म करता है और बदबू को रोकता है।

